CMYK

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 79,454.47 निफ्टी 24,008.00

सोना 99,495 चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 12 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 191 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## आतंकी ढांचे पर कार्रवाई जरूरी थी: डोभाल

**नई दिल्ली/बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार रात चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग ई से टेलीफोन पर बात की और कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आतंकी ढांचे पर कार्रवाई करना जरूरी थी, लेकिन युद्ध करना भारत का चयन नहीं है। सूत्रों के अनुसार श्री डोभाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बड़ी संख्या में भारतीय हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि युद्ध भारतीय पक्ष का चुनाव नहीं है और यह दोनों पक्षों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की पहल की है और भारत ने इसे स्वीकार किया है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल होगी।

## जनरल द्विवेदी ने सैन्य कमांडरों के साथ स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों को पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। पाकिस्तान सेना ने शनिवार शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू-कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

## अमृतसर हाई अलर्ट पर, जालंधर में स्थिति सामान्य

**जालंधर।** पाकिस्तान के संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के पश्चात पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों को देखते हुए पंजाब के जिला अमृतसर को हाई अलर्ट पर रखा गया है, जबकि जालंधर को छोड़ कर बाकि अधिकांश जिलों में ब्लैकआउट रहा। अमृतसर के उपायुक्त द्वारा सुबह 5.24 बजे जारी एक बयान में कहा कि शहर अभी भी 'हाई अलर्ट' पर है। उन्होंने कहा कि हमने आपकी सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है, लेकिन हम अभी भी हाई अलर्ट पर हैं। अब सायरन बजेगा, जो इस अलर्ट का संकेत देगा। कृपया अपने घर से बाहर न निकलें, घर के अंदर रहें और खिड़की से दूर रहें। उन्होंने कहा कि घबराए नहीं और निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि 'जब हमें हरी झंडी मिलेगी, तो हम आपको सूचित करेंगे। कृपया अनुपालन सुनिश्चित करें और घबराएं नहीं'। इससे पहले, सुबह करीब 4:39 बजे उन्होंने लोगों को लाइट बंद रखने और खिड़कियों, बालकनियों, सड़कों और छतों से दूर रहने की सलाह दी थी।



## परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरान

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## 16 मई से फिर शुरू हो सकता है आईपीएल

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

# गोली का जवाब गोले से देंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा।

वहीं न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात



### पीएम मोदी का सेना को सख्त निर्देश, अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा

पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे नए सामान्य की तरह स्वीकार करना होगा। सूत्रों का कहना है कि, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई राजनयिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डीजीएमओ के बीच संपर्क हुआ है, ताकि सीमा पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके साथ ही भारत का संदेश बिल्कुल साफ है, अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा। और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। यह ऑपरेशन भारत की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ शुरू की गई एक बड़ी सैन्य मुहिम है। इसका मकसद न सिर्फ सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना है, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश देना भी है कि अब भारत हर हमले का जवाब तुरंत और तगड़ा देगा।

### पीओके की वापसी ही एकमात्र मुद्दा, कश्मीर पर क्लीयर मैसेज

**नई दिल्ली।** सीजफायर के बाद पीओके को लेकर भारत ने बड़ा बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने कहा है कि कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अब केवल एक ही मुद्दा बचा है। पीआके को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। हम किसी और विषय पर बात नहीं करना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

# रावलपिंडी ने सुनी भारतीय सेना की धमक

शाह टाइम्स ब्यूरो





### ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई ही नहीं, आतंक से लड़ने को भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक थी: रक्षा मंत्री

### उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनी। यहां उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से जुड़े।

उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया। यह कदम रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी। बल्कि, आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक थी। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारतीय सेना ने उन आतंकवादियों को सजा दी, जिन्होंने कई परिवारों के सिंदूर को मिटा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। पाकिस्तानी हमलों के बाद -शेष पृष्ठ दो पर

### ब्रह्मोस की मारक क्षमता 290 -400 किमी और गति मैक 2.8, ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना

**लखनऊ।** लखनऊ नोड पर स्थापित ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये से तैयार की गई है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई थी। इसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है। यह 'फायर एंड फॉरगेट' सिद्धांत पर काम करती है। इससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है।

# सीजफायर के बाद मोदी ने दो घंटे तक की हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के बाद हालात नॉर्मल है। इस बीच दिल्ली में बैठकों का दौर भी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की है।

पीएम की अध्यक्षता वाली ये बैठक करीब 2 घंटे तक चली, जिसमें नेताओं से हर क्षेत्र के मौजूदा हालात की रिपोर्ट ली गई। इसके अलावा शनिवार रात हुए सीजफायर उल्लंघन पर भी चर्चा की गई है। भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद ये पहली बड़ी बैठक है, जिसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख और सीडीएस शामिल हुए। इसमें मौजूदा हालात और आगे की कार्रवाई के बारे में चर्चा की गई है। इसी मीटिंग के दौरान एयरफोर्स ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बैठक कर रहे हैं। इसके साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख शामिल हुए।

### डोभाल समेत तीनों सेना प्रमुख रहे मौजूद

# ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी व 35-40 पाकिस्तानी सैनिक भी मरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद रविवार शाम को तीनों सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस दौरान डीजीएमओ राजीव घई ने कई बातें कहीं। घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंक का खात्मा था। हमने आतंकियों के ठिकानों पर वार किया। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। बहावलपुर और मुरीदके हमारे टारगेट पर थे। सेना ने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर टारगेट किया। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान उड़ाए। हमने पाक के सभी ड्रोन मार गिराए। पाकिस्तान ने सीजफायर का वादा तोड़ा। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



### बॉर्डर व एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में पांच भारतीय जवान हुए शहीद

# पाक स्थित हैंडलर को सेना की संवेदनशील जानकारी लीक

चंडीगढ़, वार्ता

**पंजाब में मलेरकोटला** पुलिस ने भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पहले विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, एक संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर, एक दूसरे माध्यम की भी पहचान की गई और उसे हिरासत में ले लिया गया। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी गोपनीय जानकारी के बदले ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर रहे थे। वे हैंडलर के साथ लगातार संपर्क में थे और उसके निर्देशों के अनुसार अन्य स्थानीय गुर्गों को धन मुहैया कराने में शामिल थे। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।यह ऑपरेशन सीमा पार जासूसी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम है और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। डीजीपी यादव ने कहा कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर वित्तीय लेनदेन और नेटवर्क के भीतर अतिरिक्त गुर्गों और संबंधों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार आगे की जांच की जाएगी।

### पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

## पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयरबेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनू निवासी सुरेंद्र सिंह मोगा के रूप में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# खड़गे व राहुल ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से पहले एवं उसके बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री को रविवार को लिखे पत्र में कहा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा के लिए संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहरा रहे हैं। उनका कहना था कि संसद में इस बात पर भी चर्चा होगी कि पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी ने सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान के साथ गोलाबारी में सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री गांधी ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान 10 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में सूबेदार मेजर पवन कुमार जी का वीर गति को प्राप्त होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में शहीद के सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरे देश को पवन कुमार जी की देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है।

## वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर में मिले मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने रविवार को जोर देकर कहा कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। विशेष रूप से सोशल मीडिया में चल रही अटकलबाजियों और अफवाहें के मद्देनजर वायुसेना ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि यह ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किया गया। सेना ने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायुसेना ने सभी से अपील की है कि वह अटकलबाजी और अफवाहों से बचें और असत्यापित जानकारी का प्रसार न करें। इस ऑपरेशन के दौरान वायुसेना के प्लेटफॉर्म और उसके पायलटों के संबंध में अलग-अलग तरह की विवादास्पद जानकारियां साझा की जा रही है।

# कश्मीर मुद्दे का हल निकालने को करूंगा काम: ट्रम्प

## भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुट गए हैं। पहले उन्होंने बीते दिन शाम पांच बजकर 37 मिनट पर दोनों देशों के बीच सीजफायर का दावा किया। इसके बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री और भारत के विदेश सचिव ने इसे लेकर आधिकारिक ऐलान किया। हालांकि भारत ने साफ किया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का दखल नहीं है।

ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान संघर्ष को रोकने का समय आ गया है, जो कई लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। आपकी विरासत आपके बहादुर काम से बहुत बढ़ गई है। मुझे गर्व है कि अमेरिका ने आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचाने में मदद की। अभी चर्चा नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं। इसके अलावा मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या हजार साल के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। भगवान भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को अच्छी तरह से किए गए काम के लिए आशीर्वाद दे। बीते दिन संघर्ष विराम की पहली सूचना ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीते 48 घंटे में उनकी पीएम नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, एस. जयशंकर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर और दोनों देशों के एनएसए से बातचीत हुई है।

### संघर्ष विराम के चलते नियंत्रण रेखा पर जनजीवन सामान्य

**श्रीनगर।** कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, क्योंकि रविवार को एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार शाम को संघर्ष विराम पर सहमति जताई, जिससे कई दिनों से सीमा पार से हो रही भीषण गोलाबारी खत्म हो गई, जिसके कारण हजारों निवासियों को सुरक्षित क्षेत्रों में पलायन करना पड़ा था। बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा पर कई गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है, जो बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। उरी में लोग अपने घरों और मुख्य शहर की दुकानों पर लौटने लगे हैं।



# देश के 30 राज्यों में आंधी, बारिश व तूफान की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 30 राज्यों में रविवार को आंधी-बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान हवाएं 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। अगले 2 दिन में अधिकतर राज्यों का तापमान 2.4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि इस बार देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह एक जून को केरल पहुंचता है। राजस्थान के कोट, भरतपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार 30 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। पूरे मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में पारा 40 के करीब पहुंच गया है। आगरा में बीते दिन 80 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं, कई होर्डिंग और पेड़ उखड़ गए। ओडिशा के 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। सबसे ज्यादा 42.7 डिग्री संबलपुर का रहा। पश्चिम बंगाल के 5 जिलों में हीटवेव की स्थिति रह सकती है, तापमान 40.0 डिग्री पार जा सकता है।

### यूपी-राजस्थान के 50 जिलों में अलर्ट, ओडिशा-पश्चिम बंगाल में तापमान 40 डिग्री के पार

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र में भीषण गर्मी का दौर शुरू, 14 से लू की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चिलचलाती धूप और गर्म हवाओं का दौर शुरू हो चुका है। बीते दो दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में तापमान चढ़ने के साथ ही गर्मी का प्रभाव बढ़ा है। दोपहर की तपिश भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले तीन से चार दिनों में प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में 5 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं। वहीं 14 मई से उप्र के पूर्वी और तराई हिस्सों में लू के थपेड़े चलने के संकेत हैं। रविवार को वाराणसी, कानपुर, बस्ती, बहराइच, चुर्क, बलिया जैसे 15 जिलों से ज्यादा जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

### आनंदीबेन ने दी बुद्ध पूर्णिमा पर देश एवं प्रदेशवासियों को बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को रविवार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। श्रीमती पटेल ने अपने संदेश में कामना की है कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में शांति, करुणा, सद्भावना और आत्मबोध का संचार करे तथा हम सब भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को आत्मसात कर एक समरस, जागरूक और नैतिक समाज के निर्माण में योगदान दें।

### सिन्हा ने कुमार थापा के परिजनों से भेंट करके संवेदना जताई

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त डा. राज कुमार थापा के परिवार से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले प्रतिष्ठित लोक सेवक को श्रद्धांजलि दी। श्री सिन्हा ने कहा, ष्जम्मू-कश्मीर के विकास की प्रक्रिया में डा. थापा का योगदान बहुत बड़ा है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के साथ हैं। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

### मणिपुर में व्यापक अभियान, 13 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग और इंफाल पश्चिम जिलों से केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के चार सक्रिय कार्यकर्ताओं को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई-पीएस के अंतर्गत सलाम मानिंग लेइकाई से केसीपी (अपुनबा) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों की एक अन्य टीम ने इंफाल पश्चिम जिले के मयांग लांगलजग क्वाइसफाई से आरपीएफ/पीएलए के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के लामलाई-पीएस के अंतर्गत चिंगरेल तेजपुर से पीआरईपीएके (प्रो.) के एक सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया।

## आतंकी जिस भाषा में समझेंगे, उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे: योगी

# ब्रह्मोस की ताकत पाकिस्तानियों से पूछें

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है, जो कभी सीधी होने वाली नहीं, जो प्यार की भाषा मानने वाली नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा।

उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर आज कहा कि इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है, जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व योगी ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड' का भी विमोचन किया गया। यही नहीं मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा, तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं।

### आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, सीधी नहीं होने वाली



■ ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फेसिलिटी का उद्घाटन आतंकवाद को कुचलने का समय आ गया:सीएम

### यूपी में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड विकसित

भारत आज जिस दिशा में आगे बढ़ा है वह उसे प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि 2018 में प्रधानमंत्री ने केंद्रीय बजट में दो डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा की थी, लेकिन यह कहां बनेगी इसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने इसी लखनऊ में की थी। उत्तर प्रदेश में इसके लिए 6 नोड तय किए गए। इनमें राजधानी लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए चुना गया। 2019 में केंद्र में जब पुन: सरकार बनी तब रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने 2020 में पहली बार लखनऊ में डिफेंस एक्सपो का आयोजन किया। तब उन्होंने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की प्रोडक्शन यूनिट लगाने की घोषणा की थी। योगी ने कहा कि यूपी के अंदर डिफेंस कॉरिडोर के जो 6 नोड विकसित हो रहे हैं इन पर हमारा कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### यूपी ने पहली बार किया ग्रीस में प्रतिभाग

**अंतर्राष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी देखी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश केमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीस की राजधानी एथेंस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी (डीईएफईए-2025) में पहली बार प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही सहित वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार एवं रक्षा विशेषज्ञ सम्मिलित रहे। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश ने भारत के राजदूत रुद्रेंद्र टंडन की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी (डीईएफईए-2025) में भारत के पवेलियन और उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (यूपीडीआईसी) पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पहली बार है, जब उत्तर प्रदेश ने इस स्तर की अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी में अपना प्रतिनिधित्व किया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों ने न केवल देश को सामरिक दृष्टि से मज़बूत किया है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की तकनीकी और औद्योगिक क्षमताओं को भी एक नई पहचान दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ने रक्षा विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए जिस प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है, वह सराहनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर होने की बजाय स्वयं उस लक्ष्य को प्राप्त करे। इजराइल इसका उदाहरण है, जिसने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्म निर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उसने अपने अगल-बगल के दुश्मन देशों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भारत के सामने जो लक्ष्य रखा, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर और ब्रह्मोस मिसाइल उसी अभियान का हिस्सा है। वीडीएल झांसी में आ रहा है। उसका काम बहुत तेजी से आगे बढ़ चुका है।

## कर्नल सोफिया व व्योमिका सिंह बनीं लड़कियों का रोल मॉडल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उनका नाम शहर या देहात में बच्चों बच्चों की जुबान पर रटा है, मुरादाबाद में कर्नल सोफिया की बुआ रहती है

**मुरादाबाद।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की गूंज देश दुनिया में सुनाई दे रही है, वहीं दूसरी ओर लड़कियों की रोल-मॉडल के रूप में युद्ध से जुड़ी प्रेस ब्रीफिंग का हिस्सा बनने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विग कमांडर व्योमिका सिंह सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं।

आज उनका नाम शहर हो या देहात बच्चे बच्चे की जुबान पर रटा हुआ है, खासतौर से युवा वर्ग में। लोग अब अपनी ब्लैक कलर की थार व स्कार्पियो समेत एसयूवी, मल्टी यूटिलिटी व्हीकल्स समेत अन्य महंगी कारों की दोनों खिड़कियों के दोनों ओर कर्नल सोफिया कुरैशी और विग कमांडर व्योमिका सिंह के बड़े-बड़े फोटो व ऑपरेशन सिंदूर प्रिंट करवाने का पेंटर को ऑर्डर दे रहे हैं। मुरादाबाद महानगर स्थित इंदिरा चौक के समीप मोहल्ला मकबरा में कर्नल सोफिया कुरैशी की सगी बुआ रहती हैं। जब उन्हें कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में लोगों की राय बताई गई, तो वह फूले नहीं समाई। श्रीमती हाजरा बेगम बताती हैं कि हमें फक्र है कि उनकी भतीजी ने देश-दुनिया में अपने, वतन अपनी कौम व परिवार का नाम रोशन किया है। हाजरा बेगम आगे बताती हैं कि सोफिया कुरैशी का जन्म पूना में हुआ था। सोफिया के पिता सूबेदार ताज मोहम्मद कुरैशी समेत उनके तीन सगे भाई हैं। वह तीनों भाई फौज में रहे हैं। उन्हें देखकर ही सोफिया कुरैशी का बचपन से ही सेना में अफसर बनने का सपना था। बताया कि 1996-97 में उनका सेना में चयन हुआ। उन्होंने कहा कि हमें फक्र है कि उनकी भतीजी ने देश-दुनिया में अपने परिवार,वतन व अपनी कौम का नाम ऊंचा किया है। वह आज़ मुल्क की बेटियों की रोल-मॉडल बन गई। दोनो कर्नल को लेकर लोगों में क्रेज का आलम यह है कि लोग महंगे-महंगे मल्टी यूटिलिटी व्हीकल की खिड़कियों में दोनों ओर ऑपरेशन सिंदूर लिखवा कर दोनों सैनिक अधिकारी बेटियों के वर्दी में फोटो बनवाने के लिए पेंटर्स को ऑर्डर कर रहे हैं।

## एसआईए के 20 स्थानों पर छापे स्लीपर सेल मॉड्यूल का भंडाफोड़

श्रीनगर, वार्ता

■ अब पाकिस्तान के आतंकी चमचों की बारी : एसआईए

जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने रविवार को दक्षिण कश्मीर में 20 स्थानों पर छापेमारी के दौरान स्लीपर सेल मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने कहा कि तकनीकी खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि कश्मीर में कई स्लीपर सेल अपने पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे और व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल सहित मैसेजिंग ऐप के माध्यम से सुरक्षा बलों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के बारे में संवेदनशील और रणनीतिक जानकारी देने में शामिल थे।

पुलिस ने कहा कि ये आतंकी सहयोगी लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद के आतंकवादी कमांडरों के इशारे पर ऑनलाइन कट्टरपंथी प्रचार में भी शामिल थे, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित कर रहा था। एजेंसी कश्मीर ने इसके बाद इस साल की शुरुआत में दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में दक्षिण कश्मीर के सभी जिलों में लगभग 20 स्थानों पर तलाशी ली। पुलिस ने कहा कि छापेमारी के दौरान पर्याप्त मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है और संदिग्धों को आगे की पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच से स्पष्ट रूप से पता चला है कि ये संस्थाएं आतंकवादी साजिश में सक्रिय रूप से शामिल हैं, भारत विरोधी बयानों का प्रचार और प्रसार कर रही हैं जिसका उद्देश्य न केवल भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देना है, बल्कि असंतोष, सार्वजनिक अव्यवस्था और सांप्रदायिक घृणा को भड़काना भी है। पुलिस ने कहा कि एसआईए किसी भी तरह की अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों या समूहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना जारी रखेगी।

## सीजफायर सकारात्मक व जरूरी प्रगति: हुसैनी

**भारत-पाक के बीच सीजफायर पर बोले जमात-ए-इस्लामी हिंद के प्रमुख हुसैनी**

**नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने भी भारत-पाक के बीच सीजफायर समझौते की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर समझौते की घोषणा का स्वागत करते हैं। यह एक सकारात्मक और बेहद ही आवश्यक प्रगति है, जो क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए आशा की किरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि हम उन सभी लोगों, नागरिक समाज समूहों, और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ते संघर्ष के दौरान निरंतर शांति, तनाव कम करने और संयम की लगातार वकालत की। तनावपूर्ण माहौल में उनकी आवाजें मानवीय गरिमा को बनाए रखने और जीवन को संरक्षित करने के महत्व की याद दिलाती रहीं। पाकिस्तान के साथ जारी संघर्ष में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताते हुए हुसैनी ने कहा कि हम संघर्ष में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति भी अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। भारत सरकार संघर्ष में मारे गए लोगों के परिवारों को उचित मुआवजा दे, साथ ही नागरिकों और समुदायों खासकर सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों की आजीविका और संपत्ति की क्षतिपूर्ति भी करे। यह सीजफायर एक नए अध्याय की शुरुआत करता है, ऐसे में हमारा मानना है कि स्थायी शांति केवल संवाद और कूटनीति को संस्थागत बनाने की कोशिशों के जरिए ही सुनिश्चित की जा सकती है।

## बुलंदशहर में नाबालिग से गैंगरेप, दूसरी की मौत

### आरोपी ने शराब पिलाई और मारपीट भी की

शाह टाइम्स संवाददाता



■ तीन हैवान नोचते रहे शरीर, एक लड़की को गाड़ी से फेंका


**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में मेरठ नेशनल हाईवे पर चलती कार में तीन लोगों ने एक नाबालिग युवती से गैंगरेप किया। उसकी सहेली ने इसका विरोध करते हुए आरोपियों को थप्पड़ मारा, तो उन्होंने उसको उन्होंने कार से लात मारकर नीचे फेंक दिया। पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसको कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

इसके बाद जानी पुलिस ने सड़क पर पड़े युवती के शव को हादसा माना और उसको मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतक युवती की पहचान करने की कोई कोशिश नहीं की। मृतक युवती बिहार की रहने वाली थी। वह गौतमबुद्ध नगर के सुरजपुर क्षेत्र में रहती थी और वहीं के एक होटल में काम करती थी। जिस नाबालिग युवती के साथ गैंगरेप हुआ, उसने खुर्जा में कार से कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को सूचना दी। पीड़िता प्रतापगढ़ जिले के चिलविला की निवासी है। पीड़िता भी गौतमबुद्ध नगर के सुरजपुर क्षेत्र की रहने वाली है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 6 मई को उसके परिचित अमित नामक युवक ने उसे नौकरी दिलाने की बात कही। साथ ही कहा कि वो भी उसके साथ जाएगा। अमित ने नाबालिग युवती को जो जगह बताई थी, वहां वो अपनी सहेली के साथ पहुंची। अमित ने दोनों को कार में बैठा लिया। अमित के साथ उसका दोस्त संदीप भी था। इसके बाद देर रात अमित ने अपने एक और साथी को भी कार में साथ ले लिया। पीड़िता ने बताया कि कार में आरोपियों ने उन्हें जबरदस्ती शराब पिलाई, मारपीट की और उसके साथ गैंगरेप किया। उसकी सहेली के विरोध करने पर आरोपियों ने लातमार उसे कार से नीचे फेंक दिया। पीड़िता ने बताया कि वो खुर्जा में किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचकर भाग निकली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ खुर्जा कोतवाली में अपहरण, हत्या और गैंगरेप की धारा में मामला दर्ज किया गया है। मृतक युवती का पोस्टमार्टम कराया गया। उसके चेहरे, माथे हाथ, पैर पर चोटों के 12 निशान मिले हैं।

## अर्थ व्यापार

### महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



भारत-पाकिस्तान तनाव से सहमे निवेशकों की बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह करीब डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह अप्रैल के जारी होने वाली थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1047.52 अंक अर्थात 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79454.47 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 338.7 अंक यानी 1.4 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की ही तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 596.37 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 42111.50 अंक और स्मॉलकैप 623.59 अंक यानी 1.3 प्रतिशत कमजोर रहकर 46741.95 अंक रह गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया तनाव के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों की धारणा पर इसका सीमित प्रभाव देखने को मिला है। इस वर्ष अप्रैल में निरंतर विदेशी संस्थागत निवेश (एफआईआई) और रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह ने भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत दिया, जिससे बाजारों में स्थिरता बनी रही। कमजोर अमेरिकी डॉलर और स्थिर कच्चे तेल की कीमतों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। भारत-ब्रिटेन के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते की सकारात्मक चर्चा ने विशेष रूप से कपड़ा, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी को समर्थन दिया। अमेरिका की फेडरल रिजर्व ओपेन मार्केट कमेटी की नीतिगत बैठक के सतर्क रुख के बावजूद अमेरिका और चीन व्यापार वार्ता की संभावित बहाली तथा अमेरिका और ब्रिटैन व्यापार समझौते को लेकर आशावाद ने वैश्विक बाजारों को सहारा दिया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 घटकर 686.06 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी होने से 2 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.07 अरब डॉलर घटकर 686.06 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 688.13 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 2 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.4 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 581.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



■ अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा

विदेशी बाजारों में भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया, जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 355 रिंगिट लुढ़ककर 3790 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.21 सेंट की गिरावट के साथ 48.82 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये महंगी हो गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रावलपिंडी ने सुनी....** की सभी जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे शहर लखनऊ, हमारे राज्य उत्तर प्रदेश और हमारे पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज का दिन उस शक्ति की आराधना का दिन है, जो हमारी सेनाओं को संबल प्रदान करती है, जो हमारी सेनाओं में निहित होकर दुश्मन पर कहर बरपाती है। आज का दिन मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण है। क्योंकि मैंने अपने शहर लखनऊ के लिए एक सपना देखा था। कि, मेरा शहर, भारत के रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने में एक बड़ा योगदान दे। वह सपना अब पूरा हो रहा है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन इसलिए भी महत्व रखता है, क्योंकि आज का दिन बड़ा खास है। आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। आज ही के दिन 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हमारे वैज्ञानिकों ने पोखरण में परमाणु परीक्षण करके दुनिया को भारत की ताकत दिखाई थी। वह परीक्षण हमारे वैज्ञानिक, इंजीनियर्स, रक्षा कार्मिक और कई अन्य हितधारकों के अथक प्रयासों का परिणाम था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया, लेकिन पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया, बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही नहीं कार्रवाई की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कारवाई करेगा। समारोह में सीएम योगी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टाइटेनियम एंड सुपर एलाय मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन किया। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगा। इनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। साथ ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण हुआ। ये मिसाइलों के परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**ऑपरेशन...** बताया कि बॉर्डर और एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे पांच जवान शहीद हुए हैं। पाकिस्तान ने नागरिक विमान को हथियार बनाया। भारत के किसी एयरबेस को नुकसान नहीं हुआ। पाक ने श्रीनगर से कच्छ तक ड्रोन भेजे जम्मू, उधमपुर और पठानकोट एयरबेस पर पाकिस्तान ने हमला किया। राजीव घई ने कहा कि 8 और 9 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन भेजे हैं। हम तैयार थे इसलिए कोई नुकसान नहीं हुआ। लाहौर में हमने रडार सिस्टम ध्वस्त किया। पाक के 35-40 सैनिकों की मौत हुई। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि हमने 9 आतंकी ठिकानों को टारगेट किए। इसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, जिनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे लक्ष्य शामिल थे। भारतीय वायुसेना ने इन हमलों में अहम भूमिका निभाई और इनमें से कुछ शिविरों पर हमला किया और भारतीय नौसेना ने सटीक हथियारों के मामले में साधन उपलब्ध कराए। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के खात्मे के लिए था। हमने इस दौरान 100 से ज्यादा आतंकी मारे।

**खड़गे व राहुल...**की सरकारें संघर्ष विराम की घोषणाएं करती हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इससे पहले 28 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। श्री गांधी ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और पाकिस्तान की घोषणा से पहले संघर्ष विराम के मुद्दे पर ट्वीट करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस आग्रह पर विचार करेंगे। गांधी ने पिछले दिनों सर्वदलीय बैठक में भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।

## संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा करती है हैरान: कांग्रेस



■ संसद का विशेष सत्र जल्दी बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पाकिस्तान और भारत के बीच चल रहे संघर्ष के विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाला करार देते हुए रविवार को कहा कि दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले घटनाक्रम हैरान करने वाली स्थिति भी सामने आई है। यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं। पायलट ने कहा,ष्यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के ज़रिए अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं। उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष में सरहद के पास के पास हमारे जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। मैं भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को सलाम करता हूं। हमारी सेना ने एक बार फिर दिखाया है कि वह दुनिया के सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## समाचार विशेष

### मकान का छज्जा गिरने से मां बेटी सहित तीन घायल

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना नारखी क्षेत्र के तहत मकान का छज्जा अचानक गिर जाने से उसके नीचे बैठी मां बेटी तथा एक अन्य रहागीर सहित तीन लोग मलबे मे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना नारंखी के क्षेत्र के तहत गांव जारखी के निवासी दिनेश चंद के मकान के बाहर रविवार को छज्जे के नीचे उनकी पत्नी उषा देवी और पुत्री चंचल बैठी थी, तभी अचानक मकान का छज्जा भरभरा टूटकर उनके उफर गिर पड़ा। उसी दौरान वहां से निकलते हुए पड़ोसी गांव के भगवान सिंह भी मलबे की चपेट में आकर दब गए। छज्जा गिरने की आवाज के साथ ही मौके पर ग्रामीण और परिजन एकत्रित हो गए सभी ने मिलकर मलबे के नीचे दबकर घायल हुए लोगों को बाहर निकाल. कर उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कर दिया है। तीनों घायलो का उपचार जारी है।

### नदी में डूबकर दो युवकों की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में दो युवकों की नदी में डूबकर मौत हो गई। घटना जिले के नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान हुई। डूबने की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और गोताखोरों को सूचित किया। लगभग एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर पोस्टमार्टम के लिए शव जिला अस्पताल भेज दिए हैं। मृतकों की पहचान बोटानिया निवासी पैरु उर्फ राजू (25) पुत्र रामरूप और राहुल (26) निवासी अयोध्या फैजाबाद के रूप में हुई है। दोनों तीन दिन पूर्व पंजाब में मजदूरी का कार्य कर वापस अपने घर वापस आए थे और इसी कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। यह दुखद घटना पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापता युवक का नरकंकाल मिलने से मचा हड़कंप

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जनपद के थाना पचोखरा क्षेत्र के तहत खेत में एक नर कंकाल मिलने से हड़कम्प मच गया। नर कंकाल की पहचान गांव के ही एक लापता युवक रूप में कर ली गई है। पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। संबंधित मामले में जांच करवाई की जाएगी। थाना पचोखरा के गांव हिम्मतपुर में एक खेत में एक नर कंकाल देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। नर कंकाल की सूचना पर मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। नर कंकाल के पास मिले कपड़ों के आधार पर नर कंकाल की पहचान गांव हिम्मतपुर के ही निवासी मुस्ताक अली द्वारा अपने 22 वर्षीय पुत्र उस्मान अली के रूप में की गई। संबंधित मामले में एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया है कि गांव हिम्मतपुर में मिले नर कंकाल की पहचान उस्मान अली पुत्र मुश्ताक अली के रूप में कर ली गई है। परिजनों ने बताया कि युवक उस्मान 03 मई से लापता था, जो गांव के ही लपटू शर्मा के पास रहकर खेतों में कई वर्षों से काम कर रहा था। परिजनों ने हत्या की आशंका करते हुए तहरीर लिखाई है। पुलिस ने दो टीमों का गठन कर दिया है। कंकाल का पोस्टमार्टम कराया गया है, मामले में जांच करायी जा रही है।

# ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री योगी ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में इसे बताया महत्वपूर्ण कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पास ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल निर्माण इकाई का भव्य उद्घाटन आज रविवार को हुआ। यह संयंत्र रक्षा मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार की साझेदारी में स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहे, जबकि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्चुअल माध्यम से इसमें भाग लिया।

लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में स्थित इस ब्रह्मोस यूनिट को करीब 80 हेक्टेयर भूमि पर 300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस की सबसे आधुनिक उत्पादन इकाइयों में से एक होगी, जहां सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का निर्माण, असेंबली और परीक्षण किया जाएगा। यह परियोजना भारत-रूस के संयुक्त उपक्रम 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस' की एक प्रमुख पहल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा, ह्ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई उत्तर प्रदेश को रक्षा क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने श्ऑपरेशन सिंदूरश का उल्लेख करते हुए कहा, ष्आपने श्ऑपरेशन सिंदूरश के दौरान ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत की एक झलक देखी होगी। यदि नहीं देखी, तो पाकिस्तान से पूछिए कि ब्रह्मोस की शक्ति क्या होती है।ष उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह से कुचल नहीं देंगे, तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमें एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है, जो कभी सीधी नहीं होती। जो प्यार की भाषा नहीं समझते, उन्हें उनकी ही भाषा में जवाब देना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह इकाई आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत करेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने वर्चुअल सम्बोधन में कहा, ह्यह इकाई भारत की सामरिक क्षमताओं में अभूतपूर्व वृद्धि करेगी। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश को देश का केंद्रबिंदु बनाया जा रहा है। यह अत्याधुनिक सुविधा इस संयंत्र में मिसाइलों के निर्माण, असेंबली और परीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसकी स्थापना से भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और देश की रक्षा प्रणाली को मजबूत करेगी ब्रह्मोस मिसाइलों के साथ भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर और मजबूत किया है। इसके अलावा, मिसाइल निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को एक उच्च-तकनीकी कौशल प्रदान किया जाएगा, जो राज्य में प्रौद्योगिकी और विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी प्रगति को सुनिश्चित करेगा। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, रक्षा राज्य मंत्री अजय भट, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ अतुल डांडे और डीआरडीओ के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## फायर एंड फारगेट प्रणाली पर आधारित है ब्रह्मोस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विश्व की आधुनि. कतम ष्फायर एंड फॉरगेट' प्रणाली पर आधारित 'ब्रह्मोस' की निर्माण यूनिट उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (डिफेंस कॉरीडोर) का हिस्सा है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में रखी थी। यह गलियारा छह प्रमुख स्थानों ख्र लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी और चित्रकूट ख्र में विकसित किया जा रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण इकाई को 300 करोड़ रुपये की लागत से 80 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया गया है, जिसे उत्तर प्रदेश सरकार ने निरूशुल्क प्रदान किया था। यह अत्याधुनिक सुविधा इस संयंत्र में मिसाइलों के निर्माण, असेंबली और परीक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसकी स्थापना से भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और देश को बाहरी सुरक्षा खतरों से निपटने में सक्षम बनाएगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस, भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम द्वारा इस संयंत्र को तैयार किया गया है। ब्रह्मोस मिसाइलें 290 से 400 किलोमीटर तक की रेंज वाली सुपरसो. निक क्रूज मिसाइल हैं, जिन्हें धरती, समुद्र और आकाश सभी से छोड़ा जा सकता है।

यह मिसाइल आवाज की गति से लगभग तीन गुना तेज गति से चल सकती है (मैक 2.8), जिससे इसे इंटरसेप्ट करना अत्यंत कठिन होता है। यह मिसाइल 'फायर एंड फॉरगेट' प्रणाली पर आधारित है, जिससे यह किसी भी राडार प्रणाली से बचकर अपने लक्षित उद्देश्य को भेदने में सक्षम होती है। इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा किया जाता है। ब्रह्मोस मिसाइलों के साथ भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर और मजबूत किया है। इस परियोजना के माध्यम से करीब 500 इंजीनियरों, तकनीकी विशेषज्ञों और श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा, जबकि हजारों अन्य को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। इसके अलावा, मिसाइल निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को एक उच्च- तकनीकी कौशल प्रदान किया जाएगा, जो राज्य में प्रौद्योगिकी और विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी प्रगति को सुनिश्चित करेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 100042 मामले निस्तारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में जिला विधायक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नवागंतुक जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के अध्यक्षता में पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में परस्पर सुलह समझौते से100042 मामले निस्तारित कर 25689511 की रिकॉर्ड धनराशि जमा कराई गई।

यह जानकारी आज न्याय विभाग प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवाप्राधिकरण के निर्देशन में फर्रुखाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आज जनपद न्यायालयफतेहगढ़ परिसर में नवागंतुक जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार के अध्यक्षता में ,मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत हां शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिले के न्यायिक एवं अन्य अधिकारी, प्रधान न्यायाधीश जमशेद अली बर एसोसिएशन महासचिव कुंवर सिंह यादव एवं विद्वान अधिवक्ता गण तथा कर्मचारी गण मौजूद रहे। प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के विभिन्न बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं अन्य प्रशासनिक विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए तथा संबंधित पक्षकारों से परस्पर सुलहसमझौता करते हुए मामलों का निस्तारण किया गया। जिले के 118 बैंकों की वसूली के मामलों को निस्तारित करते हुए15222487 रुपए की धनराशि बैंकों को प्राप्त कराई गई। इसी क्रम में 31953 विद्युत बिलों के मामलों को निस्तारित किया गया। यहां आयोजित हुईराष्ट्रीय लोक अदालत अपर जिला जज सुश्री शैली राय, अभिनितम उपाध्याय एससी /एसटी विशेष न्यायाधीश नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मेराज अहमद अपर जिला जज कक्षसंख्या नौ,के अलावा अन्य सभीअपरजिला जज, न्यायिक अधिकारी एवं अन्य विभागों केअधिकारी गणो ने राष्ट्रीयलोक अदालत में अपना अपना योगदान किया। अंत में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के समापन कार्यक्रम पर जनपद न्यायाधीश नीरज कुमार एवं अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार ने आभार व्यक्त किया गया।

# केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**महराजगंज।** केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने रविवार को महराजगंज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध, प्रभावी और पारदर्शी ढंग से निस्तारण किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता जनसरोकार से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पेंशन, सड़क, बिजली, शिक्षा और आवास संबंधी समस्याएं प्रमुखता से सामने आईं। इस अवसर पर श्री चौधरी ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का विशेष उल्लेख किया।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा है कि गरीब, किसान, महिला और श्रमिक वर्ग आत्मनिर्भर बनें। इसके लिए योजनाएं जमीन पर क्रियान्वित की जा रही हैं।

आवश्यकता इस बात की है कि लाभार्थी इन योजनाओं से जुड़ें और उनका पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे न केवल स्वयं योजनाओं का लाभ उठाएं, बल्कि अन्य पात्र व्यक्तियों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भ्रष्टाचार मुक्त, जवाबदेह और पारदर्शी व्यवस्था की दिशा में लगातार काम कर रही है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे समस्याओं के समाधान की निगरानी करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने दें।

# यूपी में बैटरी स्टोरेज संयंत्र स्थापित करें निवेशक: यूपीपीसीएल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने राज्य में बैटरी स्टोरेज संयंत्र स्थापित करने का आह्वान करते हुये निवेशकों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश सरकार अन्य राज्यों की तुलना में बैटरी स्टोरेज सिस्टम में सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश ऊर्जा एक्सपो 2025 के समापन के मौके पर उन्होने कहा ह हम निवेशकों को राज्य में बैटरी स्टोरेज प्लांट स्थापित करने का आह्वान करते हैं और उन्हें पूर्ण सरकारी समर्थन का आश्वासन देते हैं। पीएचडीसीसीआई, फर्स्टव्यू और यूपीनेडा के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन ने उद्यमी और नीति निर्माता को आकर्षित किया। उत्तर प्रदेश में सौर ईपीसी के विस्तार पर बोलते हुए, दीपक रायजादा, मुख्य अभियंता, यूपीपीसीएल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार भारत के अन्य राज्यों की तुलना में बैटरी स्टोरेज सिस्टम में सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है। हम निवेशकों को राज्य में बैटरी स्टोरेज प्लांट स्थापित करने का आह्वान करते हैं, और उन्हें पूर्ण सरक. ारी समर्थन का आश्वासन देते हैं। राज्य में विद्युत आपूर्ति की कोई कमी नहीं है, और आईआईटी कानपुर और बीएचयू की मदद से हम सौर ईपीसी के लिए मजबूत फीडर्स और बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। पैनलिस्टों ने राज्य के 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत नीति समर्थन की जरुरत पर बल दिया और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, भूमि अधिग्रहण और कुशल श्रमिकों की कमी जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया। राज्य एजेंसियों के बीच गहरी साझेदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि देश भर से अधिक निवेश आकर्षित किया जा सके। वाणिज्यिक और सार्वजनिक परिवहन फ्लीट के विद्युतीकरण पर चर्चा करते हुए यह माना गया कि 2050 तक भारत के कार्बन-न्यूट्रल लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईवी अपनाने में तेजी लाने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पहले ही भारत के कुल ईवी उपयोग में 15 फीसदी योगदान दे चुका है, और राज्य 2030 तक इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े का चरणब( रूप से रोलआउट पूरा करने की योजना बना रहा है। ऊर्जा भंडारण और ग्रिड आधुनिकीकरण पर सत्र में योगेश कुमार, वाणिज्यिक निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने कहा कि हमारी विद्युत आपूर्ति अब भी थर्मल पावर पर निर्भर है, और गर्मियों में दोपहर और शाम के समय पावर डिमांड सबसे अधिक रहती है। हमें ऑफ-पीक घंटों में उत्पन्न अतिरिक्त ऊर्जा को संग्रहीत करने की आवश्यकता है ताकि शिखर समय में कमी को रोका जा सके और ग्रिड को स्थिर किया जा सके। सरकार बिजली भंडारण के लिए उपकेंद्रों का निर्माण करने की योजना बना रही है।

# दुष्कर्म के एक आरोपी को पकड़ा, दो फरार




**शाह टाईम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** थाना मानिकपुर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी भगवान दीन उर्फ राजकुमार कौल नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसी मामले के दो और आरोपी अभी फरार हैं!

पुलिस के मुताबिक राजकुमार व दो अन्य के विरुद्ध एक किशोरी ने बीते दिवस अभियोग पंजीख्रत कराया था। किशोरी ने आरोप लगाया था कि उपरोक्त तीनों ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस पाक्सो एक्ट व विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके तभी से आरोपियों की तलाश में जुटी थी। उनमें से एक राजकुमार आज पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस का कहना है कि शेष दो की भी तलाश जारी है शीघ्र ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# चोरी की योजना बनाते तीन आरोपी दबोचे अवैध असलह व औजार बरामद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** थाना मानपुर पुलिस ने बड़ैला मोड़ पानी की टंकी के निकट छापेमारी कर चोरी की योजना बनाते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में तालगांव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पखनियापुर निवासी अखिलेश उर्फ टिकारी पुत्र मिश्रीलाल भार्गव, मनोज पुत्र सियाराम और बिसवां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुढ़नापुर निवासी शाहिद उर्फ फक्कड़ पुत्र स्वर्गीय साबिर शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, तीनों चोरी की योजना बना रहे थे। उनके पास से एक चाभियों का गुच्छा, दो पेचकस (छोटा-बड़ा), एक प्लास, एक लोहे की सरिया, एक प्लास्टिक की टॉर्च और अखिलेश व मनोज के पास से दो अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद हुए हैं। इनके पास से 1600 रुपये नकद भी मिले हैं। पुलिस का दावा है कि इन्हीं आरोपियों ने करीब एक सप्ताह पूर्व बिसवां-सीतापुर मार्ग पर स्थित टी.वी.एस. एजेंसी में पीछे की दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। बरामद नकद राशि उसी एजेंसी से चुराई गई बताई गई है। अवैध हथियारों की बरामदगी के संबंध में आरोपियों के खिलाफ मानपुर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### डाल में दबकर अधेड़ महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी।** मौसम का मिजाज बदलने के बाद आई तेज आंधी मे पेड की डाल टूट कर गिरने से आम बीनने गई अधेड महिला की दबकर मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत स्थित टडिया मजरे मडवा गांव निवासी श्यामा उम्र लगभग 55 वर्ष जो आंधी मे आम बीनने हेतु बाग मे गई थी कि अचानक हवा के तेज झोके मे आम के पेड की डाल टूट कर उस के ऊपर गिर गई जिसमे दबकर उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनो से पूंछतांछ करने के उपरांत शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया ।इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि पेड की डाल गिरने से उसमे दबकर महिला की मौत हो गई फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजकर आवश्यक कार्रवाई जारी है।

# प्रदेश के आठ जिलों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। बाल कुपोषण से निपटने में संभव अभियान की सफलता के बाद, उत्तर प्रदेश सरकार ने अब राज्य के सभी आठ आकांक्षी जिलों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि कुपोषण को मिटाने और बच्चों के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के स्पष्ट उद्देश्य के साथ यह महत्वाकांक्षी पहल राज्य सरकार की अपने सबसे कम उम्र के नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति प्रतिब(ता को पुष्ट करती है। सूत्रों ने कहा कि पायलट चरण के लिए एक व्यापक कार्य योजना पहले ही तैयार की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अभियान का लक्ष्य 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन 400 कैलोरी और 15-20 ग्राम प्रोटीन युक्त पौष्टिक नाश्ता उपलब्ध कराना है। ये भोजन टेक-होम राशन मॉडल के तहत प्रदान किया जाएगा, जिससे निरंतरता और पहुंच दोनों सुनिश्चित होगी। सूत्रों ने बताया कि पोषण पैकेज के तहत बच्चों को फ्लेवर्ड मिल्क, केला और अन्य मौसमी फल तथा विशेष रूप से डिजाइन किया गया बाजरा चिक्की न्यूट्रीबार मिलेगा। उन्होंने कहा कि वाराणसी में सफलतापूर्वक संचालित इस न्यूट्रीबार ने आंगनवाड़ी लाभार्थियों में एनीमिया, बौनापन और कम वजन के मामलों को कम करने में मदद करते हुए एक मापनीय सकारात्मक प्रभाव प्रदर्शित किया है। इसके पोषण मूल्य और बच्चों के अनुकूल स्वाद के कारण आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थिति और सहभागिता दोनों को बढ़ाने का श्रेय भी इसे दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान से कुल 11,13,783 बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिसका प्रस्तावित बजट 254-83 करोड़ रुपये है, जो प्रति बच्चा प्रति दिन 44 रुपये है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए अभियान के त्वरित कार्यान्वयन और करीबी निगरानी के महत्व को रेखांकित किया है। परिणामों को मापने और वास्तविक समय में आवश्यक समायोजन करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा नियमित मूल्यांकन किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस पहल के साथ, राज्य एक स्वस्थ, मजबूत और अधिक लचीली पीढ़ी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड 1,72,156 वादों का निस्तारण

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 1,72,156 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमलेश कच्छल के द्वारा सरस्वती देवी मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी सह अपर जिला जज (न्यायालय सख्या-02) कमल कान्त श्रीवास्तव, अपर जिला जज सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरद कुमार चौधरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण के अतिरिक्त बैंक अधिकारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 1,72,156 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 85 वैवाहिक प्रकरण, 48 अन्य सिविल वाद, 8596 अन्य वाद निस्तारित किए गए, 7108 शमनीय आपराधिक वादों का निस्तारण कर 423010 रूपये अर्थदण्ड के रूप में वसूल किए गए। जनपद के विभिन्न राजस्व/दाण्डिक न्यायालयों द्वारा 219 राजस्व वाद, 1125 आपराधिक वाद, 8915 विद्युत उपभोक्ता वाद, 37 श्रम विवाद, 60445 जनहित गारन्टी अधिनियम बाद निस्तारित किए गए। इसके अतिरिक्त 14085809 रूपये की धनराशि से सम्बन्धित 904 बैंक ऋण एवं मोबाइल बिल सम्बन्धी 43 वाद प्रीलिटिगेशन वाद के रूप में निस्तारित किए गए। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय विजय शंकर उपाध्याय द्वारा 85 पारिवारिक मामलों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, कामर्शियल कोर्ट झांसी ललित कुमार झा द्वारा 3 वाद निस्तारित कर 1024351 रूपये प्रतिकर के रूप में दिलाये गए। पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पवन प्रताप सिंह द्वारा 18 वाद निस्तारित कर 10762000 रूपये प्रतिकर के रूप में दिलाये गए। अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत विशेष शर्मा द्वारा 7 अन्य वाद का कुल 755931 रुपए का समझौता कर निस्तारण किया गया। हरिश्चन्द्र, पीठासीन अधिकारी अतिरिक्त पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 10 वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किए गए। अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरद कुमार चौधरी ने विशेष रूप से झांसी के लोगों का आभार व्यक्त किया।

### 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले में वांछित 25 हजार रूपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने रविवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त कल्लन उर्फ साबिर पुत्र तन्ने उर्फ जुम्मन निवासी ग्राम कुरैशी का पुरवा मजरे राहाटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को आज तड़के थाना क्षेत्र लालगंज के राजेंद्र चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाश के पास से 01 अदद तमंचा, कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद की गयी। गिरफ्तार बदमाश कल्लन 21 अप्रैल को हुयी मुठभेढ़ में पुलिस पर फायलरग करने के बाद फरार हो गया था। पुलिस सूत्रों से आज मिली जानकारी के अनुसार कल्लन के विरुद्ध थाना लाल गंज , उदय पुर और कोतवाली देहात में लूट, हत्या का प्रयास गुंडा, गंगेस्टर एक्ट जैसे 1 दर्जन मुध्दमे पंजीकृत है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा शातिर अभियुक्त कल्लन उर्फ साबिर उपरोक्त की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।

# राजस्व विभाग में पारदर्शिता लाने के लिए योगी सरकार की डिजिटल पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक बड़ी डिजिटल पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में राजस्व विभाग के लेखपाल से लेकर आयुक्त स्तर तक के अधिकारियों को एक समेकित डैशबोर्ड प्रणाली से जोड़े जाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

यह डैशबोर्ड विभागीय समन्वय को सशक्त बनाएगा, अधिकारियों की निगरानी को आसान बनाएगा और जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करेगा। सरकार की इस पहल के तहत लेखपाल, नायब तहसीलदार, तहसीलदार, उपजिलाधिकारी और आयुक्त जैसे सभी अधिकारी अब एक ही डिजिटल मंच पर कार्य से जुड़ी जानकारियां साझा करेंगे। इससे न केवल प्रशासनिक संवाद में सुगमता आएगी, बल्कि जनता को भी विभिन्न विभागों के बीच भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। भूमि विवादों, राजस्व वसूली, भू-अभिलेख, नाप-जोख आदि से संबंधित सभी जानकारी इस डैशबोर्ड पर उपलब्ध होगी, जिससे अधिकारी आवश्यक निर्णय तेजी से ले सकेंगे। डैशबोर्ड प्रणाली की एक अहम विशेषता यह होगी कि इससे अधिक. ारियों की कार्यप्रणाली की सघन निगरानी संभव हो सकेगी। कौन अधिकारी किस प्रकरण पर कार्य कर रहा है, किस स्तर पर विलंब हो रहा है, इसकी जानकारी शासन स्तर तक उपलब्ध रहेगी। इससे जवाबदेही तय करने में सहायता मिलेगी और विभागीय निष्क्रियता या लापरवाही पर त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। भूमि विवादों के शीघ्र निस्तारण में भी यह डैशबोर्ड बेहद उपयोगी साबित होगा। प्राय: देखने में आता है कि राजस्व अभिलेखों की अनुपलब्धता के कारण मामलों में देरी होती है, किंतु अब अधिकारी डिजिटल रूप से अभिलेखों का अवलोकन कर सकेंगे। इससे निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी और विवादों के शीघ्र समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा। विशेषकर ग्रामीण अंचलों में भूमि को लेकर उत्पन्न होने वाले विवादों में यह प्रणाली अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकती है। प्रदेश सरकार इस परियोजना को अपने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अभियान का एक प्रमुख अंग मान रही है। शासन का उद्देश्य है कि तकनीक के माध्यम से न केवल व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जाए।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गंगा में डूबे फुफेरे भाई के शव बरामद

## कई घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ ने किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गंगा के गहरे जल में डूबे ममेरे फुफेरे भाइयों के शवों को कई घंटे की मशक्कत के बाद एसडीआरएफ ने बरामद कर लिए गये। शवों को देखकर परिवार के लोगों में कोहराम मचा हुआ है।

नगर के मौहल्ला होली वाला निवासी स्वर्गीय राकेश गुप्ता का बेटा रोहित गुप्ता शनिवार की दोपहर दोस्त राहुल कुमार कन्हैया और संभल के गवां निवासी अपनी फुफेरे भाई गौरांक के साथ पूठ गंगा धाम पर शुक्रवार को घर में हुए हवन की सामग्री प्रवाहित करने के लिए गया था। हवन की सामग्री गंगा में प्रवाहित करने के बाद नहाते समय रोहित गहरे पानी में समाने लगा। भाई को डूबता देख गौरांक उसे बचाने के लिए गंगा में कूद गया और वह भी गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते दोनों भाई गंगा में समा गए। साथियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। रोते बिलखते परिजन गंगा घाट पर पहुंच गए। राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर गोताखोर से दोनों की तलाश शुरू कराई। सूचना पर एसडीएम न्यायिक भगत सिंह भी मौके पर पहुंच गए। करीब 5 घंटे बाद एसडीआरएफ ने गौरांक का शव गंगा से बरामद कर लिया। जबकि रो. हित का शव रविवार की शाम बुलंदशहर की सीमा में गंगानगर घाट के नजदीक मिला। बताया जा रहा है की गंगा में बहा रोहित गुप्ता को मृतक आश्रित से नौकरी तो मिल गई लेकिन वह ज्वाइन नहीं कर सका। इस हादसे ने सब कुछ बदल दिया।बताया जा रहा है कि रोहित के पिता की कुछ समय पूर्व मौत हो गई थी। वह परिवहन निगम में कर्मचारी थे। काफी दिन से उनके स्थान पर नौकरी प्राप्त करने के लिए रोहित प्रयास कर रहा था। बताते हैं कि दो दिन पूर्व ही रोहित के घर पर जॉइनिंग लेटर पहुंचा था। जिसको लेकर परिवार में खुशी का माहौल था लेकिन रविवार को गंगा में रोहित का शव मिलने से खुशियां गम में बदल गई।



# लकड़ी की बंदूक से बनाई रील, पर घर में मिली असली बंदूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। हाइवे स्थित एक होटल में एक युवक द्वारा लकड़ी की बंदूक के साथ रील बनाने की घटना वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। जांच पड़ताल के युवक के बारे में पता चला तो पुलिस ने उसके घर पहुंचकर तलाशी ली तो उसके घर से एक नाली बंदूक बरामद हुई जिसका कोई वैध लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए चालान किया। जानकारी के मुता. बिक सोशल मीडिया पर दो दिन पूर्व एक युवक की रील वायरल हुई, जो कि हाइवे किनारे नाईपुरा में स्थित एक होटल में बनी हुई है, जिसमें युवक बंदूक लहरा रहा है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने इसका संज्ञान लेते हुए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। जिसके बाद चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने वरि. आरक्षी कपिल शर्मा, आरक्षी नितिन हुड्डा के साथ मिलकर आरोपी जितेन्द्र निवासी ग्राम निरयावली खादर थाना आदमपुर के घर पहुंचकर उससे पूछताछ की और घर की तलाशी ली तो उसके घर से एक नाली बंदूक बरामद हुई, जिसका कोई वैध लाइसेंस नहीं था। जिस पर पुलिस युवक को गिरफ्तार करके थाने लाई और उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान किया। पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने होटल में रील बनाते समय लकड़ी की बंदूक ले रखी थी।

**■ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार**



# जुबिलेंट बुल्स ने चार विकेट से जीता मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जुबिलेंट प्रीमियर लीग का मैच जुबिलेंट बुल्स की टीम ने चार विकेट से जीत लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी अरुण (द्वितीय) को 34 रन बनाने एवं एक विकेट चटकाने पर मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। रविवार को जुबिलेंट की सैकेंड कॉलोनी के खेल मैदान में टॉस जीतकर जुबिलेंट चैलेंजर टू की टीम मैदान में उतरी। कप्तान रितेष पांडे की टीम के खिलाड़ी नवीन दुबे ने सर्वाधिक 52 रन बनाए। यह टीम 15 ओवर में कुल 121 रनों पर ही सिमट गई। रवि गुप्ता की कप्तानी वाली इस टीम के खिलाड़ी अरुण (प्रथम) ने 42 रन बनाए। टीम ने छह विकेट गंवाकर 14.01 ओवर में 122 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी अरुण को जुबिलेंट में सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सतेंद्र कुमार चौधरी एवं जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट ने मैन ऑफ द मैच का खिताब प्रदान किया। मैच के एंपायर विष्णु, सुमित कुमार रहे। स्कोरर सनी प्रताप सिंह एवं कमेंटेटर की भूमिका महेंद्र मौर्य की रही। इससे पूर्व जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर जेएएसीपीएल में एचआर हेड ऋषिपाल सिंह परमार, सुनील तिवारी, रविंद्र देवल, अनंत चौहान आदि मौजूद रहे।

**■ अरूण को मिली मैन ऑफ द मैच की ट्राफी**



# कार में तोड़फोड़ कर ग्रामीणों को पीटा

## अन्तिम संस्कार से लौट रहे थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे कार सवार ग्रामीणों को दबंगों ने रास्ते में रोककर बुरी तरह से पिटाई कर घायल कर दिया। कार के शीशे भी तोड़ दिये। सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई।

रविवार की शाम कई गांव के ग्रामीण तिगरी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होकर कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही कार सवार हसनपुर के समीप पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आ रही बस ने कार को ओवरटेक कर रोक लिया तथा उसमें बैठे ग्रामीणों को जबरदस्ती खींच कर बाहर निकाल लिया। बताया जाता है कि तिगरी गंगा घाट पर बस सवार व कार सवार ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया था। उसके बाद दबंग बस सवारो ने संजीव कुमार विक्रम सिंह अनुज कुमार महिलाल ग्राम मंडावली देहपा जनपद संभल को बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। बताया जा रहा है की मारपीट करने वाले थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सिरसा नाल के दबंग ग्रामीण थे। बस सवार दबंगों ने कार में तोड़फोड़ भी कर दी। मारपीट होने के कारण सड़क पर चीख पुकार मच गई। शोर शराबा सुनकर आसपास के दुक. ानदार एवं राहगीर वहां पहुंच गये। जिन्हें देखकर बस सवार दबंग वहां से फरार हो गये। सूचना मिलने पर डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई।



# पुरानी रंजिश में छात्र पर चाकू से हमला

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। पुरानी रंजिश के चलते छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। गंभीर अवस्था में पुलिस ने छात्र को मेडिकल के लिए भेजा है।

नगर के मोहल्ला वाल्मीकि बस्ती निवासी नमन पवार पुत्र महेंद्र वाल्मीकि शनिवार की देर शाम जिम कर करके अपने घर लौटा था। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक कॉल आई तो वह घर से थोड़ी देर में लौटकर आने को कहकर बाहर निकल आया। सुखदेवी इंटर कॉलेज के समीप जैसे ही छात्र पहुंचा तो दबंग युवको ने उसे घेर लिया तथा उसके मुंह पर चाकू से वार कर दिया। जिससे नमन पवार के चेहरे से खून की धारा बाहर को निकल आई। वारदात का अंजाम देने के बाद दबंग युवक मौके से फरार हो गये। आनन फानन में परिजन घायल छात्र को लेकर कोतवाली पहुंच गये। पुलिस ने घायल छात्र की हालत को देखकर उसका मेडिकल कराने के लिए उसे सरकारी अस्पताल भेज दिया। परिजनों का कहना है कि दबंग युवक उसके पुत्र से रंजिश रखे हुए है। इसी के चलते उनके पुत्र पर जानलेवा हमला किया गया है।

# डा.अम्बेडकर जन्मोत्सव से जुड़ीं 26 समितियां सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। भारत रत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर कार्यक्रम व शोभायात्रा आयोजित करने वालीं जन्मोत्सव समितियों को 'जाटव कोर ग्रुप' ने सम्मानित किया। आरपी वैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पीसीएस सतीश चंद्रा ने कहा कि हमें बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलना चाहिये। उनके विचारों का अनुसरण करना चाहिये। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलानी चाहिये। पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान ने कहा कि ब्लॉक व नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 26 जन्मोत्सव समितियों द्वारा बाबा साहब की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई, जिसके लिये समितियों के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। शिक्षाविद् रविराज सिंह ने कहा कि सभी स्थानों पर बाबा साहब की जयंती के कार्यक्रम शालीनता के साथ होते रहें, इसके लिये सभी प्रयासरत रहें। भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन सिंह ने भी बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर होरी सिंह, रामचरन त्रिपाठी, रेंजर करन सिंह, बीपी सिंह, जयवीर सिंह, उदयभान सिंह, सुरेश मौर्य, रमेश मौर्य, मुकेश कुमार, ऋषभ मौर्य, किरनपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, डॉ.संजीव सागर, सुरेन्द्र पाल सिंह, गुलाब सिंह, प्रमोद कुमार, डॉ. पृथी सिंह मौजूद रहे।

**■ जाटव कोर ग्रुप द्वारा किया गया कार्यक्रम**

# ले चलो फरिश्तों मुझे सरकार के पास

## बज्मे अय्यूब की ओर से नातिया महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बज्मे अय्यूब के संयोजन में शहर के मोहल्ला चाहशोर में हाजी नासिर सिद्दीकी के आवास पर शनिवार रात नातिया महफिल का आयोजन किया गया। शायरों ने रसूले खुदा की शान में एक के बाद एक बेहतरीन कलाम सुनाकर महफिल में नूरानियत का रंग भर दिया।

महफिल की शुरुआत मुफ्ती आसिम मुबश्शिर ने कुरान-ए-करीम की तिलावत से की। इसके बाद शायरों के कलाम पेश करने का सिल. सिला शुरू हुआ। मिर्जा साजिद ने कहा...बाद में तुम मेरी आमाल शुमारी करना, ले चलो पहले फरिश्तों मुझे सरकार के पास। डा.जमशेद कमाल ने यूं पढ़ा..आजान सुनते ही जो मस्जिदों में आ जाएं, मिशन नबी का वही कामयाब करते हैं। अजहान वारसी ने फरमाया...साज-ओ-सामा दुश्मनों का रहेगा, तीन सो तेरह का लश्कर एक तरफ। जुबैर इब्ने सैफी ने पढ़ा...सारे जहां को दरसे मसावात दे गया, वो बोरिया नशीन वो सुल्ताने कायनात। महफिल में इनके अलावा अनीस अमरोहवी, शाकिर सिद्दीकी, सरताज अमरोहवी, मौलाना साद अमरोहवी, अहमद रजा फराज, डा. नासिर अमरोहवी, ताजदार अहमद, अंदाज अमरोहवी, नाजिश मुस्तफा, मेहरबान अमरोहवी, फैज आलम, कासिम अमरोहवी आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। इस दौरान हाजी नासिर सिद्दीकी, मुशाहिद अब्बासी, कमर नकवी, मोहम्मद अहमद जैदी , इमदाद खान लोदी, अदनान मसरूर, काशिफ खान, खालिद सिद्दीकी, राशिद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। आखिर में संयोजक शाकिर सिद्दीकी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# एचएस ने विरोधी क्लब को नौ विकेट से हराया

## एचपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। हसनपुर चैंपियनशिप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मैच में एचएस इलेक्ट्रिकल्स की टीम ने विरोधी क्लब को 9 विकेट से करारी शिकस्त दे दी। मैन ऑफ द मैच फैजान को घोषित किया गया।

रविवार को लाला नत्थूमल स्टेडियम में आयोजित एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में एजाज क्रिकेट क्लब ने पहले टॉस जीतकर निर्धारित 30 ओवरों में 243 रनों का स्कोर बनाया। जिसमें जयप्रकाश 58 एजाज 30 व रहबर ने 37 रनों का योगदान दिया। एचएस इलेक्ट्रिकल की ओर से शिवा ने तीन व बागेश ने दो विकेट प्राप्त किये। बैटिंग करने को उतरी एचएस इलेक्ट्रिकल की टीम ने एक विकेट खोकर 243 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जिसमें फैजान ने 162 रन ठोक डाले। उन्होंने ग्राउंड के चारों ओर को दार्शनिक शॉट लगाकर बोलरो की धज्जियां उड़ा कर रख दी। कृष्णा ने 38 व डॉक्टर शगुन ने 30 रनों का योगदान दिया। टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी व नगदी देकर

# ज्योतिबाराव के संघर्षो को दर्शाती फिल्म देखने उमड़े लोग

## आनन्द महल में हुआ प्रसारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। महात्मा ज्योतिबा राव फूले व राष्ट्रमाता भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रि बाई फूले व उनकी साहियका फातिमा शेख के जीवन संघर्ष पर आधारित फिल्म ज्योति. बाराव फूले का प्रसारण देखने को भारी भीड़ उमड़ी।

कैलसा रोड स्थित आनन्द सिनेमा हाल में डा. अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति, भगवान बुद्ध जन्मोत्सव एवं स्मारक समिति, चेयरपर्सन शशि जैन, वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह मौर्य, राजकुमार अरूण, पूनम अरूण, निखिल जैन आदि समेत शहर के लोगों ने इस फिल्म को देखा। फिल्म में उस दौर के महात्मा ज्योतिबाफूले, उनकी पत्नी सावित्रि बाई फूले व सहयोगी फातिमा बी के जीवन संघर्ष को दर्शाया गया है। आधी आबादी दलित वर्ग एवं महिला वर्ग पिछड़े लोगों को आज तक भी शिक्षा समानता एवं सामाजिक न्याय नहीं मिल पाता। इस मौके पर वरूण सिंह, दिवेश कुमार, डा. चन्द्रा, मुन्नालाल गौतम, सुरेन्द्र कुमार, डा. रजनी रानी, सीमा रानी आदि मौजूद रहे।



# भैरवनाथ मन्दिर में भंडारे का आयोजन

## भक्तों ने प्रसाद किया ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। बाबा भैरवनाथ मंदिर के स्थापना दिवस पर विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। निवर्तमान पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी व डोली सैनी ने बाबा को भोग लगाया।

रविवार को नगर के मोहल्ला सैनी नगर स्थित बाबा भैरव नाथ मंदिर के स्थापना दिवस पर सुबह बाबा काल भैरव को सिंदूरी चोला चढ़ाकर भंडारे का भोग लगाया गया। वहीं महिलाओं ने भजन कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय कर दिया। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिक्षक विधायक डॉक्टर हरिसिंह ढिललो, अमरोहा ब्लॉक प्रमुख गुरिंद. रसिंह ढिल्लो गजरौला ब्लॉक प्रमुख विरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य सोरन सिंह, पवनीत दिवाकर, भगवत चौहान ,अनुज प्रधान, धर्मवीर आर्य, प्रधान हरीश यादव, संजीव सैनी, डोली सैनी, सौरभ सैनी, धर्मेंद्र प्रधान, अशोक सैनी, कमल सिंह, यशवीर खटाना, कुसुमलता गोयल, ओम प्रकाश प्रजापति आदि हजारों भक्तगण उपस्थित रहे।

# मुस्तफा के दिल की ठंडक और अली की जान है...

## हजरत इमाम अली रजा की यौमे विलादत पर महफिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम की यौमे विलादत पर शनिवार को जगह-जगह जश्न मनाया गया। एक तरफ जहां इमामबाड़ों को खास तौर पर सजाकर नजर-ओ-नियाज दिलाई गई तो वहीं शहर में कई स्थानों पर सबील लगाकर भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाई गई। महफिल में उलेमाओं और शायरों ने इमाम की सीरत पर चलकर जिंदगी गुजारने का पैगाम दिया।

शहर के मोहल्ला मंडी चौब स्थित अजाखाना मोहम्मद यूसुफ में शनिवार रात हजरत शाह विलायत एजुकेशनल ग्रुप के संयोजन में मनकबती महफिल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना कौसर अब्बास ने की जबकि मंच पर मौलाना शादाब हैदर, फन अमरोहवी, डा.चंदन नकवी, प्रोफेसर नाशिर नकवी तथा हकीम चांद मौजूद रहे। महफिल का आगाज तिलावते कलाम-ए-इलाही से किया गया। नात का नजराना ताजदार अमरोहवी ने पेश किया। प्रोफेसर नाशिर नकवी ने पढ़ा...हर एक हाल में माबूद के लिए सजदे, खुदा की जो भी है मर्जी वही रिजाए रजा। डा.मुबारक अमरोहवी ने कहा. ..जो है फरजंदे फातिमा जहरा, रोशनी करते हैं बुझा के चिराग। साहिल अमरोहवी यूं नमूदार हुए...मुस्तफा के दिल की ठंडक और अली की जान है, मूसी-ए-काजिम का बेटा बोलता कुरआन है। महफिल में इनके अलावा डा. लाडले रहबर, हसनैन अमरोहवी, ताजदार मुज्तबा आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। मौलाना कौसर अब्बास ने जिंदगी पर तकरीर करते हुए कई वाक्यात से इमाम की अजमत और मरतबा बयान किया। समापन पर में एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष मुजाहिद अब्बास ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शुजात अली, शारिक रियाज, आमिर अब्बास, मोहम्मद बाकर, अदनान हैदर, अशर अली, सलमान अली, मेराज रजा, हैदर जिया, शमीम हसन, रजा कमाल आदि मौजूद रहे।





मंडी धनौरा। भैरवनाथ मन्दिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद चखते भक्त।

समाचार विशेष

## दो पिकअप वाहनों की टक्कर में हेल्पर की मौत, कई घायल

**शुकुलबाजार अमेठी।** बाराबंकी /सुल्तानपुर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार को तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बाराबंकी से सुल्तानपुर की ओर जाते समय हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोठी थाना क्षेत्र के निवासी अरमान अली उर्फ राजा अपनी पिकअप (यूपी 4480 एटी 9485) से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जा रहे थे। रास्ते में किसी तकनीकी खराबी के कारण उन्होंने अपनी पिकअप को पीली पटी के अंदर खड़ा कर चक्के की जांच शुरू की। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक दूसरी पिकअप, जिसे जुनैद चला रहे थे, संभवतः चालक को झपकी आने की वजह से संतुलन खो बैठी और खड़ी पिकअप से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पास से गुजर रही एक तीसरी पिकअप, जिसे योगेश चला रहे थे, भी नियंत्रण खोकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत शुकुलबाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक हेल्पर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हादसे की वजह नींद की झपकी और लापरवाही से वाहन चलाना हो सकता है। परिजन और ग्रामीणों में शोक की लहर हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को मुआवजा देने और हादसे के लिए जिम्मेदार चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## टीन शेड लदा ई-रिक्शा पलटा चालक की मौत

**सीतापुर।** थाना तालगांव क्षेत्र के ग्राम अंगरसी निवासी मोनू पुत्र जमुना (30 वर्ष )की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। वह टीन शेड लेकर कहीं जा रहा था कि तभी लहरपुर तिराहे के पास उसका ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। मोनू ई-रिक्शा के नीचे दब गया। स्थानीय नागरिकों ने काफी प्रयास कर मोनू को बाहर निकाला और तत्काल बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत

**सीतापुर।** कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ईदगाहपुरवा बिसवां देहात निवासी राधेश्याम पुत्र बनवारी ने अपनी 80 वर्षीय मां मुन्नी देवी की संदिग्ध मौत को लेकर पडौसियो पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। राधेश्याम ने बताया कि वह ईंट भठे पर मजदूरी करता है और घटना के समय उसकी मां घर पर अकेली थीं। उन्होंने गांव की ही एक महिला और उसके बेटे पर मारपीट कर उनकी मां की हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मंसाराम चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह ने बताया कि मृतका के शरीर पर कोई बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी को अंजाम देने वाले गिरोह के छह मेंबर गिरफ्तार

**संतकबीर नगर।** उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में खलीलाबाद कोतवाली अंतर्गत मगहर में पुलिस ने खुशी ढाबे के पास से अंतरजनपदीय चोर गैंग के 06 शातिर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि गिरोह के सदस्यों मे राधारमन पुरी, अतुल पाण्डेय, रंजीत चौहान, गौतम उर्फ संदीप, राहुल पाण्डेय जनपद महाराजगंज के निवासी हैं तथा सतीश वर्मा जनपद कुशीनगर का रहने वाला है। ये सभी एक गिरोह के साथ काम करते हैं। इनका सरगना गौतम उर्फ उर्फ सन्दीप है, जो थाना घुघली, महाराजगंज का रहने वाला है। गैंग के सदस्यों द्वारा इस जनपद के अतिरिक्त पूर्व में जनपद गोरखपुर, महाराजगंज, बस्ती में चोरी एवं छिनैती की घटनाए कारित की जाती रही है।

# मामूली विवाद में भाई ने भाई की जान ली

### खौपुर बुजुर्ग गांव में लोहे के पाइप से हमला, इलाज के दौरान शानिराम की मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के खौपुर बुजुर्ग गांव में शुक्रवार की रात पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद बड़े भाई ने लोहे की पाइप से पिटाई कर अपने छोटे भाई की जान ले ली।

घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10 बजे खौपुर बुजुर्ग गांव के बडमानुष टोला में रहने वाले मनीराम और उसके छोटे भाई शानिराम (30) के बीच टॉर्च की चार्जिंग को लेकर विवाद हो गया। बहस के दौरान मनीराम की पत्नी भी शामिल हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर मनीराम ने लोहे की पाइप से पर हमला कर दिया। हमले में शानिराम को गंभीर चोटें आईं, विशेषकर सिर पर। स्थानीय लोगों के अनुसार, घायल शानिराम करीब तीन घंटे तक मौके पर ही बेहोश पड़ा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने शानिराम को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी मनीराम और उसकी पत्नी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। शानिराम की मां का रो-रो कर बुरा हाल गांव में हुई इस घटना से लोग स्तब्ध हैं और सवाल खड़े हो रहे हैं कि एक सामान्य घरेलू विवाद कैसे इतनी बड़ी त्रासदी में बदल गया।

# राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने लगाया जनता दरबार



### समस्याओं के लिए त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। राज्य मंत्री मयकेश्वर शरण सिंह ने तिलोई स्थित अपने निज आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन से भेंट कर उनकी शिकायतों और समस्याओं की जनसुनवाई की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिला एवं युवा उपस्थित रहे जनसुनवाई के दौरान लोगों ने भूमि विवाद, पेंशन, बिजली, स्वास्थ्य, सड़क, जलनिकासी सहित अनेक जनसमस्याएं मंत्री जी के समक्ष रखीं। राज्य मंत्री ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए राज मंत्री ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस तरह की जनसुनवाई का आयोजन होता रहेगा इस मौके पर महिला पुरुष आदि लोगों की उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व डीन व प्रख्यात विधिवेत्ता डा. विश्वकर्मा का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के विधिक, साहित्यिक व सामाजिक दुनिया में गहरी छाप छोड़ने वाले डॉ पी सी विश्वकर्मा का रविवार की सुबह उनके जौनपुर नगर स्थित परमानतपुर आवास पर निधन हो गया। वे लगभग 77 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से शिक्षा, न्याय और साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार डॉ० प्रेम चन्द्र विश्वकर्मा का जीवन बहुआयामी उपलब्धियों से भरा रहा। वे वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विधि विभाग में डीन पद पर कार्यरत रह चुके थे। इसके अलावा तिलकधारी महाविद्यालय में विधि विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक के साथ ही संकायाध्यक्ष के रूप में उन्होंने छात्र-छात्राओं को वर्षों तक शिक्षा दी और उन्हें न्याय की राह पर चलने की प्रेरणा दी। वे केवल शिक्षाविद ही नहीं, अपितु एक कुशल विधिवेत्ता के रूप में भी पहचाने जाते थे। अपने कार्यकाल में उन्होंने जिले के उपभोक्ता फोरम के सदस्य के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभाई, जहां उन्होंने आम जनमानस के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्परता दिखाई। साहित्य में उनकी रुचि विशेष रही। वे एक प्रख्यात शायर के रूप में प्रेम जौनपुरी के रूप में भी लोकप्रिय थे। उनके काव्य और शायरी में समाज की गहराइयों को छूने की अद्भुत क्षमता थी। वे एक संवेदनशील समाजसेवी के रूप में भी हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़े रहे। डॉ विश्वकर्मा के निधन से जिले ने एक बहुआयामी व्यक्तित्व को खो दिया है। उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर सुबह से ही शुभलचतकों, विद्यार्थियों, सहकर्मियों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों का तांता लगा रहा। उनके निधन पर प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा की सांसद सीमा द्विवेदी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जगदीश नारायण राय, महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह, पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक डॉ हरेंद्र प्रसाद सिंह, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्री कला धनंजय सिंह, पूर्व सांसद धनंजय सिंह, पूर्व सांसद डॉक्टर केपी सिंह, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शोक प्रकट कर किया है। डॉ विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर जौनपुर में गोमती नदी के पावन तट रामघाट पर पूरे नागरिक सम्मान के साथ किया गया जहां पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तीन महीने से वेतन न मिलने पर मैकवेल हॉस्पिटल का स्टाफ धरने पर बैठा

### सीएमओ ने दिए जांच के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

गौरीगंजअमेठी गौरीगंज। स्थित मैकवेल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में शनिवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब अस्पताल के सभी डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारी वेतन न मिलने के विरोध में धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें पिछले तीन महीने से वेतन नहीं दिया गया है।

डॉक्टर मनोज सिंह और स्टाफ सदस्य शिवम सिंह ने बताया कि आर्थिक स्थिति बिगड़ने के कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है। फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव और आरती ओझा ने आरोप लगाया कि अस्पताल के संचालक विनय प्रताप सिंह से कई बार फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने न तो कॉल उठाया और न ही वेतन देने की बात मानी। उन्होंने बताया कि जब किसी नए नंबर से कॉल किया जाता है, तो संचालक यह कहकर टाल देते हैं कि ष्जहां जाना है, जाओ, सैलरी नहीं देंगे।कर्मचारियों का कहना है कि अस्पताल का संचालन डॉ. विनय प्रताप सिंह, डॉ. सलमान, और डॉ. राज यादव मिलकर कर रहे हैं, और सभी से बात करने पर सिर्फ आश्वासन मिलता है, समाधान नहीं। इस पूरे मामले को लेकर अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा है कि ष्मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल स्टाफ ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# लखनऊ पूर्वांचल और बुंदेलखंड में 12 -13 मई को भी जारी रहेगा गर्मी का प्रकोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्रों में 12 और 13 मई को गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार इन दो दिनों में अधिकतम तापमान कई जिलों में 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा सकता है। गर्म हवाओं के साथ ही कुछ क्षेत्रों में उमस भी बढ़ेगी।

लखनऊ में 12 मई को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 28 डिग्री रह सकता है। 13 मई को तापमान 43 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। बादल आंशिक रूप से छाए रह सकते हैं लेकिन वर्षा की संभावना नहीं के बराबर है। पूर्वांचल के वाराणसी, गोरखपुर, आज़मगढ़, बलिया, देवरिया और जौनपुर जैसे जिलों में भी 12 और 13 मई को अधिकतम तापमान 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। मौसम शुष्क रहेगा और गर्म हवाओं के चलते लू का असर महसूस किया जा सकता है। बुंदेलखंड के झांसी, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और महोबा जिलों में भी 12 मई को तापमान 40 डिग्री के पार रहेगा, जबकि 13 मई को 41 से 42 डिग्री तक तापमान दर्ज हो सकता है।

इन क्षेत्रों में भी बारिश की संभावना नहीं है और मौसम गर्म तथा शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए किसी विशेष चेतावनी (एलर्ट) की घोषणा नहीं की है, लेकिन 14 मई से प्रदेश के कुछ भागों में हीट वेव की शुरुआत हो सकती है। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। खूब पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को विशेष देखभाल की आवश्यकता है।

# वाराणसी में महज एक रुपये में गठिया का इलाज करा रही योगी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आमजन को गंभीर रोगों से राहत दिलाने के लिए आयुर्वेद को एक बार फिर जनविश्वास का माध्यम बना दिया है। वाराणसी के राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय चौकाघाट में गठिया रोगियों के लिए स्थापित श्अर्थराइटिस ट्रीटमेंट एंड एडवांस्ड रिसर्च सेंटरश में महज एक रुपये में ओपीडी परामर्श, औषधियां और इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस विशेष व्यवस्था का लाभ पिछले सात महीनों में अब तक 5911 मरीजों ने उठाया है, जिसमें 2571 महिलाएं और 3340 पुरुष शामिल हैं। प्रदेश में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को मजबूत आधार देते हुए योगी सरकार ने पहले चरण में लखनऊ के राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय में गठिया उपचार केंद्र की स्थापना की थी, जो कि एक पायलट प्रोजेक्ट था। इसकी सफलता को देखते हुए अब प्रदेश के सभी आठ शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालयों में इस योजना को लागू किया गया है। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय वाराणसी के अर्थराइटिस सेंटर में रोगियों को 19 विशिष्ट प्रकार की गठिया औषधियां निशुल्क दी जाती हैं। इसके साथ ही आधुनिक उपकरणों की सहायता से पंचकर्म, नाड़ी स्वेद, कटिवस्ति, जानुवस्ति, ग्रीवा वस्ति, अग्निकर्म, विद्ध कर्म, कपिंग और मर्म चिकित्सा जैसी विशिष्ट आयुर्वेदिक विधाओं से भी उपचार किया जा रहा है। रोगियों को योग, व्यायाम और संतुलित आहार की भी सलाह दी जाती है। सेंटर के नोडल अधिकारी प्रो. मनीष मिश्रा के अनुसार, वर्तमान में यहां प्रतिदिन औसतन 350 मरीज ओपीडी में आते हैं, जिनमें से गठिया विभाग में 50 से 60 मरीज विशेष रूप से उपचार के लिए पहुंचते हैं। गठिया के मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के मद्देनज़र चौकाघाट महाविद्यालय में पूर्वांचल का यह पहला अत्याधुनिक केंद्र स्थापित किया गया है, जो न केवल उपचार बल्कि शोध के लिए भी समर्पित है। प्रो. मिश्र के अनुसार, गठिया अब केवल वृद्धावस्था की बीमारी नहीं रही। बदलती जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या और असंतुलित आहार के कारण अब 40 वर्ष की आयु से ही लोग इसके लक्षणों से परेशान हो रहे हैं। इस स्थिति में योगी सरकार द्वारा गठिया उपचार केंद्रों का विस्तार एक महत्वपूर्ण जन-कल्याणकारी कदम है, जो आमजन को बेहद कम खर्च में विश्वसनीय उपचार मुहैया करा रहा है। यह पहल प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सा को एक बार फिर मजबूत आधार देने और जन-स्वास्थ्य को सुलभ, सस्ता और प्रभावी बनाने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## जायदाद के लिए पिता की हत्या का षड्यंत्र रचने वाले दो कलयुगी बेटे गिरफ्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के डीह इलाके में जायजाद के लिए रिश्तों को तार -तार करते हुए अपने पिता की हत्या का षडयंत्र रचने वाले दो कलियुगी पुत्रों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सलोन यदवेन्द्र बहादुर पाल ने रविवार को बताया कि डीह इलाके में जायजाद के लिए सुपारी देकर अपने ही पिता की हत्या का षड्यंत्र रचने वाले दो कलियुगी पुत्रों अशोक कुमार और अभय चन्द्र पुत्रगण रतिपाल को आज क्षेत्रीय पुलिस सर्विलांस और एसओजी दल ने पुख्ता सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बिरनवा परसदेपुर रोड से गिरफ्तार किया है। बताया गया कि रतिपाल साहू के छह बेटे है जिसमे से तीन बेटों अशोक, अभय और धर्मचंद से उसका विवाद चल रहा था जिसके कारण उन्होंने पिता की जायजाद में दखल रखने और बेदखल न किए जाने के क्रम में प्रतापगढ़ के शूटर विजय कुमार उपाध्याय उर्फ खूंटी को पिता और भाई की हत्या के लिए 50 हघर रुपये की सुपारी पर तय किया। जिसके एवज में 50 हघर में से 5 हघर पहले दिए गए और शेष धनराशि काम होने के बाद देना तय हुआ। बताया गया कि बीते मंगलवार को जब पीघ्ति रतिपाल अपनी पत्नी के साथ खेत से आ रहा था तभी दो अज्ञात लोगों ने उस पर गोली चला दी जो कि उसकी जांघ में लगी। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के अनुसार घटना के समय रतिपाल के आरोपी पुत्र दिल्ली में ही थे और गोली मारने की सूचना विजय उर्फ खूंटी ने फोन पर दी जिसके बाद वह लोग थाना क्षेत्र के बिरनवां परसदेपुर रोड से अमेठी जिले जाने के लिए साधन का इंतजार कर रहे थे कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अपने सगे पिता को बेदखली के मुकदमे से हत्या कर हटाने की योजना बनाने वाली कलियुगी संतानों का खुलासा पुलिस ने गोलीकांड के चार दिन बाद आखिरकार कर ही लिया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## डा अनिल त्रिपाठी को रालोद प्रोफशनल मंच का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया

**लखनऊ।** प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने झांसी के डॉ0 अनिल त्रिपाठी को प्रोफेशनल मंच बुन्देलखण्ड का क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर प्रोफेशनल मंच के प्रदेश महासचिव सुमित सिंह तथा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश वर्मा भी मौजूद रहे। प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि डॉ0 त्रिपाठी का मनोनयन राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी एवं प्रोफेशनल मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत चडढा के अनुमोदनोपरांत तथा प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति से किया गया हैं ! अम्बुज पटेल ने विश्वास जताया कि इस दायित्व क बीच डा त्रिपाठी भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह एवं श्रद्धेय चौधरी अजित सिंह की विचारधारा तथा रालोद की रीति-नीति में आस्था रखते हुये राष्ट्रीय लोकदल के संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने दावा किया कि इस मंच के जरिए रालोद को अधिक सशक्त बनाने हेतु शीघ्र ही इसके विशेष प्रकोष्ठ के रूप में पूरे प्रदेश में प्रोफेशनल मंच की एक मजबूत टीम खड़ी करने में सफलता हासिल की जाएगी ।

## अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी गिरफ्तार, कई जिलों में दर्ज हैं संगीन मामले

**सीतापुर।** कोतवाली सिधौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मनवा तिराहे के निकट छापेमारी कर अंतर्जनपदीय शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी लखनऊ जिले के बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के ग्राम बीकामऊ निवासी राहुल पुत्र स्वर्गीय बनवारी है, जो पिछले तीन माह से फरार चल रहा था। राहुल पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार, वह लूट, चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर मामलों में वांछित है। उसके विरुद्ध सीतापुर के अलावा लखनऊ और कानपुर में भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाया जा रहा है।

# अब अमरोहा का मैटल और बलिया का सत्तू भी ओडीओपी में शामिल, योगी सरकार ने जोड़े 12 नए उत्पाद

### प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों को नई उड़ान, ओडीओपी की कुल संख्या बढ़कर हुई 74

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने श्वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टश (ओडीओपी) योजना को और व्यापक रूप देते हुए प्रदेश के 12 और पारंपरिक उत्पादों को इसमें शामिल कर लिया है।

इससे ओडीओपी उत्पादों की कुल संख्या अब 74 हो गई है। यह योजना जहां प्रदेश के कारीगरों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बना रही है, वहीं पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी दिला रही है। नई सूची में अब सहारनपुर के होजरी, अमरोहा का मैटल एवं वुडन हैंडीक्राफ्ट, बलिया का सत्तू, बरेली के लकड़ी उत्पाद, बागपत के ख्रषि यंत्र, आगरा का पेठा और फुटवेयर, हमीरपुर का मैटल, एटा की चिकोरी, प्रतापगढ़ का फूड प्रोसेसिंग, बिजनौर के ब्रश तथा गाजियाबाद और फिरोजाबाद के उत्पाद शामिल किए गए हैं। इससे स्थानीय शिल्पियों को नई संभावनाएं मिलेंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अमरोहा को मिली नई पहचान अमरोहा के ढोलक और रेडीमेड गारमेंट्स पहले से ही ओडीओपी में शामिल थे, अब मैटल और वुडन हैंडीक्राफ्ट के जुड़ने से जिले को वैश्विक पहचान मिलने का रास्ता साफ हुआ है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के अनुसार, इससे अमरोहा के कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने में मदद मिलेगी। बनारस की साड़ी, भदोही की कालीन की तरह नई उड़ान को तैयार अन्य जिले अब तक बनारस की साड़ी, भदोही की कालीन, कन्नौज का इत्र, अलीगढ़ का ताला और आगरा का जूता जैसे कई उत्पादों को ओडीओपी के ज़रिए देश-दुनिया में नई पहचान मिली है। इसी कड़ी में अब सहारनपुर, बलिया और अमरोहा जैसे जिले भी वैश्विक नक्शे पर अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। एमएसएमई सचिव प्रांजल यादव ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ की सोच के अनुरूप ओडीओपी योजना ने स्थानीय उत्पादों को नई ऊंचाई दी है। अन्य राज्यों ने भी इस मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया है। सरकार ने शिल्पियों को प्रशिक्षण, वित्त, ब्रांडिंग, ई-मार्केटिंग, जीआई टैगिंग और डिजाइन डेवलपमेंट के माध्यम से सशक्त किया है। शासन की ओर से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारियों की निगरानी में एक्सपोर्ट प्रमोशन की योजनाएं चलाई जा रही हैं। शिल्प मेलों, प्रदर्शनी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बाजार विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यही कारण है कि प्रदेश के परंपरागत उद्योग अब वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में आ गए हैं। ओडीओपी योजना के तहत न केवल स्थानीय रोजगार बढ़ा है, बल्कि निवेशकों का भी भरोसा बढ़ा है। योगी सरकार की यह पहल उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हो रही है।

# कम दहेज मिलने से नाराज दहेज लोभियों ने विवाहिता को जहर देकर मार डाला

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा
- मृतका के भाई ने पुलिस को दी घटना की तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** कम दहेज मिलने से नाराज दहेज लोभी ससुरालियों ने एक विवाहिता को पहले बुरी तरह से पीटा उसके बाद उसे जबरन जहर दे डाला, जिससे उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतका के भाई ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।



थाना भोजीपुरा के गांव मेमोर के भूरे लाल की पुत्री ममता की शादी पांच साल पहले थाना क्षेत्र के गांव लावाखेड़ा तालिब हुसैन के राधे के पुत्र हरीश के साथ की थी, जिसमें उसने करीब चार लाख रुपये खर्च किए थे, आरोप है कि ससुराल के लोग दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे, और आए दिन विवाहिता का तरह-तरह से उत्पीड़न करते रहते थे। इसी दौरान ममता ने दो बच्चों को जन्म दिया, जिनमें एक पुत्री तीनसाल की पूजा और एक साल का ललित है। आरोप है कि गुजरी छह मई को पति और देवर विनोद, ससुर राधे, सास ने पहले उसे बुरी तरह से मारा पीटा, और उसके बाद रात में जबरन उसे जहर दे दिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई।

महानगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार को विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के भाई अजय द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिली है जिस पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

- सुलह समझौते के आधार पर 272829 वादों का हुआ निस्तारण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में विगत दिवस जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली, द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ देवी सरस्वती एवं गणेश भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं लंबित वादों का निस्तारण कराया। अपर जनपद न्यायाधीश निकुन्ज मित्तल, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 272829 वादों का सफल निस्तारण कर 201005342 रुपये की धनराशि का आदेश पारित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सत्र न्यायालयों द्वारा 492 वादों का निस्तारण कर 4800 रुपये की जुर्माना राशि, दीवानी न्यायालयों द्वारा 23951वादों का निस्तारण कर 1136618 रुपये की जुर्माना राशि, फौजदारी न्यायालयों द्वारा 3566 वादों का निस्तारण कर 735040 रुपये की जुर्माना धनराशि का आदेश पारित किया गया।

लोक अदालत में गिले शिकवे दूर कर पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 59 जोड़ों के मध्य समझौता कराया गया। प्रधान न्यायाधीश, चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा 19 वादों में आपसी समझौता कराया गया, जिसमें से 9 दम्पतियों को सुलह समझौते के साथ विदा किया, अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, छाया नैन व विमल त्रिपाठी द्वारा 40 वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण द्वारा 80 वादों का निस्तारण कर 26033000 रुपये की समझौता धनराशि, वाणिज्यिक न्यायालय द्वारा 9 वादों का निस्तारण कर 4424521 रुपये की समझौता धनराशि एवं स्थाई लोक अदालत द्वारा वादों का 4 वादों का सफल निस्तारण कर 913068 रुपये की समझौता धनराशि का आदेश पारित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में 37357 वादों का, सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा 1292 मामलों का निस्तारण कर 675200 रुपये की समझौता राशि, पुलिस विभाग द्वारा 9897 मामलों का जिसमें 5255 ई-चालानों का निस्तारण कर 6629700 रुपये की जुर्माना राशि, कैनाल न्यायालय द्वारा 9 मामलों का निस्तारण कर 900 रुपये की समझौता राशि, उपभोक्ता फोरम द्वारा 6 वाद का निस्तारण कर 960431 रुपये की समझौता राशि, श्रम न्यायालयों द्वारा 32 वादों का निस्तारण कर 37701387 रुपये की समझौता राशि, बीडीए द्वारा 7 वाद, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 184558 मामलों का, नगर निगम द्वारा 10190 मामलों का निस्तारण किया गया, तथा भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा 208 मामलों का निस्तारण कर 125657 रुपये की समझौता धनरा. शि का आदेश पारित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों एवं पुलिस अधीक्षक-यातायात, बरेली द्वारा कुल 29734 ई-चालानों का निस्तारण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बरेली के अपर जनपद न्यायाधीश उमा शंकर कहार ने बताया कि लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय परिसर में 2 जगह बैंकों के कैम्प लगाए गए, जिसमें विभिन्न बैंकों द्वारा बैंक ऋण से संबंधित 1112 वादों का निस्तारण किया गया एवं कुल ऋण धनराशि 121665000 रुपये वसूल की गई।

लोक अदालत में केन्द्रीय कारागार-प्रथम, बरेली में निरुद्ध बन्दियों द्वारा तैयार की गयीं, हस्तशिल्प वस्तुओं एवं केन्द्रीय कारागार-द्वितीय/जिला कारागार, बरेली में निरुद्ध बन्दियों द्वारा तैयार किये गये औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगायी गयी एवं विक्रय किया गया। लोक अदालत परिसर में स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गयी वस्तुओं का भी विक्रय किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमा शंकर कहार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आम जनता को परेशानियों से बचाने और जानकारी देने के लिए लोक अदालत परिसर में हेल्प डेस्क बनाया गया, जिसमें पैरा लीगल वालंटियर उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में समस्त न्यायिक अधिकारियों, बैंक-बीमा कंपनी के अधिकारियों, अन्य न्यायिक कर्मचारियों, परा. विधिक स्वयं सेवकों तथा मीडिया कर्मियों का भी योगदान रहा

## एक नजर

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही के लिए मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव चिटोली में मुकेश सक्सेना और मंगलीराम के बीच पुरानी रंजिस चली आ रही है। रविवार की सुबह लगभग साढ़े 6 बजे मुकेश चंद्र सक्सेना अपनी छत पर चढ़े उसी समय कांतिद. वी और उनके पति मंगलीराम छत पर पहुँच गये दोनों के बीच पहले तो गाली गलौज हुई फिर मुकेश सक्सेना और मंगलीराम के बीच मारपीट हो गई।दोनों पक्षो ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस मामले की जाँच कर रही है।आपको बता दे कि पिछले कुछ समय पहले मुकेश सक्सेना ने मंगलीराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।तभी से दोनों पक्षो के बीच मे रंजीश चली आ रही है।

### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के गांव गुलडिया कला निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पाकिस्तानी वायु सेना के विमान से भारतीय वायुसेना के विमान के साथ फिजिकल रिलेशन करते हुए दर्शाया गया है। जिस पर नारा. जगी जताते हुए जिला पंचायत सदस्य निरंजन यदुवंशी ने X पर उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की मांग कर दी। इसके बाद मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आया और बरेली पुलिस ने शीशगढ़ थाना प्रभारी को जांच कर कार्यवाही को निर्देश दे दिए।इसी के चलते पुलिस ने गांव गुलडिया कला निवासी गुलाम रसूल पुत्र जाकिर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला को जिंदा जलाने का प्रयास, मुकदमा हुआ दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति सहित पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

> दहेज की मांग पूरी न करने पर किया दुस्साहस

थाना क्षेत्र के ग्राम टांडा छंगा निवासी महिला नाजरीन पुत्री असगर अली ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह किच्छा निवासी नाजिम पुत्र मुन्ना के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पीड़ित महिला के ससुराल वाले महिला को कम दहेज लाने को लेकर प्रताड़ित करते थे। महिला का आरोप है कि बीती 27 अप्रैल को पति नाजिम, ससुर मुन्ना, देवर आमिर, नन्द किरन फातिमा, पति की बुआ कुलसूम ने महिला के साथ मारपीट की व जिंदा जलाने का प्रयास किया। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाली महिला की बहन के आजाने पर उपरोक्त ने उसके साथ भी मारपीट की व पीड़ित महिला नाजरीन को घर से निकाल दिया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, और शव को कब्जे में लेने के बाद उसको पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम गुरसौली निवासी नीलम पत्नी नरेश ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर का सेवन कर लिया। इसके बाद महिला की हालत बिगड़ गई और फिर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, और शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल संजय तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में परिजनों से पूछताछ की जा रही है।

### सीओ हाइवे व थाना प्रभारी ने टीम के साथ की गश्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बेहतर बनाए रखने और लोगों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीओ हाइवे नीलेश मिश्रा के नेतृत्व में कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला गया।



फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी व चौकी प्रभारी अनूप सिंह सहित भारी पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस टीम ने मुख्य बाजार, अंसारी मोहल्ला, पुराना कपड़ा बाजार, भीड़भाड़ वाले इलाकों और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की और आम जनता से शांति एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ हाइवे नीलेश मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता या उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस हर समय सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र है पुलिस का सहयोग करे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की । चौकी प्रभारी अनूप सिंह ने कहा कि हर समस्या से निपटने के लिए पुलिस बल मुस्तैद है आप लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें। लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत किया साथ ही सहयोग का भरोसा दिलाया।

> शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## पड़ोसी ने आधी रात को घर में घुसकर युवती से की दुराचार की कोशिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है, गांव की एक किशोरी खाना खाकर अपनी छोटी बहन के साथ सोई हुई थी उसका छोटा भाई दूसरी तरफ लेटा था। घर पर उसके माता पिता नहीं थे कि रात करीब ढाई बजे पड़ोस का दबंग विजय पाल शर्मा उसके घर में घुस आया, और उसने उसके मुंह में कपड़ ठूंसने की कोशिश की, किसी तरह किशोरी ने अपने आपको बचाया, आरोप है कि दबंग ने किशोरी का मुंह बन्द कर उसके नाजुक अंगों पर हाथ चलाया, उसके चीखने चिल्लाने पर उसकी छोटी बहन और छोटा भाई की आंख खुल गई, सभी ने शोर मचाया तो दबंग धमकी देते हुए जीने के रास्ते भाग गया। आरोप है कि दबंग ने कहा कि वह उसकी बेइज्जती जरूर करेगा, जिससे तू किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहे। घटना की तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने दबंग विजय कुमार शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

> शोर शराबा होने पर धमकी देकर भागा दबंग

# गौकशी करने वाले 13 लोगों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

- कार्रवाई से गौकशी जैसे संगठित अपराधों पर लगेगा बड़ा अंकुश
- पुलिस रिकॉर्ड में पहले से दर्ज हैं सभी आरोपियों के नाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में गौकशी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक दर्जन धंधेबाजों के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की है। लिस्ट में बहेड़ी थाने के साथ साथ दूसरे थानों के भी धंधेबाज शामिल हैं, जिनपर गौकशी के साथ साथ मारपीट, धमकी, जानलेवा हमलों से जुड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गौवंशीय पशुओं का वध कर अवैध रूप से धनोपार्जन करने वाले अपराधियों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत निरूद्ध किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित गैंगचार्ट के क्रम में थाना बहेड़ी पर दिनांक 10.05.2025 को मु0अ0सं0 441/2025 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट बनाम गैंग लीडर शाकिर कुरैशी पुत्र साबिर निवासी ग्राम शेरपुर कलां, थाना पूरनपुर हाल निवासी ग्राम सिली जागीर, थाना बहेड़ी, शाहिद पुत्र सल्लन, निवासी ग्राम सिली जागीर, खलील पुत्र तुफैल निवासी ग्राम शेरपुर कलां थाना पूरनपुर हाल निवासी ग्राम सिली जागीर, जाबिर पुत्र तुफैल अहमद निवासी शेरपुर कलां थाना पूरनपुर, ताहिर पुत्र साबिर, शाहिर पुत्र साबिर, तौसीफ उर्फ तौफीक पुत्र छिद्दा उर्फ अब्दुल रसीद उर्फ रसीता कुरैशी, छोटा उर्फ तौसीब पुत्र रसीता कुरैशी उर्फ अब्दुल रशीद उर्फ छिद्दा, चमन पत्नी ताहिर निवासीगण ग्राम सिलीजागीर थाना बहेड़ी जनपद बरेली, समा पत्नी खलील निवासी मो. कुरैशियान निवासी ग्राम सिली जागीर, थाना बहेड़ी, समरीन पुत्री रहीश निवासी वार्ड नं0 01 कब्रिस्तान वाली गली, कस्बा व थाना अमरिया, तालिब पुत्र अहद हुसैन निवासी मोहल्ला तिगड़ी, बब्लू पुत्र मोहम्मद आशिक निवासी परेवा वैश्य थाना जहानाबाद जनपद पीलीभीत के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है।

इन सभी आरोपियों के नाम पुलिस रिकॉर्ड में पहले से दर्ज हैं, और यह सभी लोग गौकशी के अवैध कारोबार से जुड़े हुए हैं। पुलिस के मुताबिक यह लोग संगठित गिरोह के तहत काम करते थे, और अपने लाभ के लिये समाज और कानून दोनों को ठेंगा दिखा रहे थे। गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले के बाद अब इन अपराधियों की सम्पत्ति जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है।

पुलिस का कहना है कि इस कार्यवाही से गौकशी जैसे संगठित अपराधों पर बड़ा अंकुश लगेगा, और क्षेत्र में कानून व्यवस्था और मजबूत होगी।

# पांच बच्चों की मां को पीटकर तीन तलाक दे घर से निकाला

- अवैध संबंधों का विरोध करना पड़ा भारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** गांव की एक अन्य महिला से पति के अबैध संबन्धों का विरोध करना पत्नी को भारी पड़ गया।पति ने परिजनों के साथ मिलकर पत्नी को जमकर पीटा और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने शिकायत स्थानीय पुलिस से की मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। तब पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को प्रार्थना पत्र देकर ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पति सहित 8लोगों के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जाफरपुर निवासी सबीना पत्नी मोहम्मद रफीक ने बताया कि उसका निकाह 15 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। उसके पांच बच्चे हैं। सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था कि अभी कुछ समय से पति के गाँव की एक महिला से अबैध सम्बन्ध हो गए।जिसका उसनें विरोध किया तो पति ने उल्टा उस पर ही चरित्रहीनता का आरोप लगाकर उत्पीड़न शुरू कर दिया। 16 अप्रैल को पति व अन्य ससुरालियो ने जमकर पीटा तथा देवर ने छुरी से हमला कर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।किसी तरह मायके में सूचना दी।मायके से भाई सोहिब व भाभी फिरदौस ससुरालियों को समझाने पहुंचे तो आरोपियों ने उनसे भी मारपीट की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने पति मोहम्मद रफीक, रमजानी, इरफान, सादिक, फरियाद, मोबीन, तराना व रूबी सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कैम्प लगाकर बनाई जाएं किसानों की फार्मर आईडी: डीएम

- डीएम ने फार्मर रजिस्ट्री योजना में प्रगति लाने की दृष्टि से संबंधितों के साथ की समीक्षा बैठक




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने विगत दिवस फार्मर रजिस्ट्री योजना में प्रगति लाने की दृष्टि संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की।

बैठक में डीएम ने पाया कि आंवला सीएससी पर फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन कम हो रहा है, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुये एसडीएम आंवला को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष किसानों का फार्मर आईडी में रजिस्ट्रेशन शत प्रतिशत कराएं, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, पंचायत सहायकों तथा उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि लगातार सीएससी का भ्रमण करते रहें तथा इसकी रिपोर्ट भी लेते रहें।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिये गए कि इसकी लगातार समीक्षा की जाये। बैठक में पाया गया कि 23 दिनों में एसडीओ नवाबगंज ने सिर्फ एक ही फार्मर आईडी बनाई जो कि सही नहीं है, जिसपर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये दण्डवत कार्यवही के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को फार्मर आईडी के प्रति जागरुक करें, तथा गांव में कैम्प लगाकर भी किसानों की फार्मर आईडी बनाई जायें। जिन विकास खण्डों, ब्लॉकों में फर्मर आईडी बनाने का कार्य धीमा चल रहा है वहां पर सात दिन के भीतर सुधार किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप निदेशक कृषि अभिनन्दन सिंह, जिला कृषि अधिकारी ऋतुशा तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित समस्त उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# दो लाख व कार के बिना आने पर विवाहिता को दी जान से मारने की धमकी

- पुलिस ने पति व ससुराल वालों पर दर्ज किया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक महिला ने एक युवक पर धोखाधड़ी करके शादी करने और दो लाख व कार मांगने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि मांग पूरी न करने पर युवक व उसके घर वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, और कहा कि अगर बिना दहेज के आई तो घर में घुसने नहीं देंगे।

ग्राम जाम खजूर निवासी किरन देवी पुत्री रमेश चन्द्र का कहना है कि उसका विवाह बीते साल के मई माह में हैप्पी मौर्य उर्फ हरिओम मौर्य निवासी ग्राम हररायपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत के साथ हुआ था। शादी से पूर्व उसके पति ने कहा था कि वह इंजीनियर है और मुम्बई में उसकी एक फर्म है। आरोप है कि शादी के बाद जेठानी धनदेई, भतीजी लक्ष्मी व पति के रिश्तेदार दुर्गा प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद व धर्मवती पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासी बिलासपुर थाना अमरिया जिला पीलीभीत दहेज में आल्टो कार व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। असमर्थता जताने पर उसको शारिरिक व मानसिक रूप से प्रताडित किया जाने लगा।

उसके तमाम जेबरात जो उसे शादी में मिले थे उसके पति व ससुरालियों ने उससे ले लिया। महिला का कहना है कि दिनांक 17.08 2024 को उसका पति उसको लेकर मुम्बई चला गया। यहां पर उसका पति छोटी-छोटी बातों पर उसे गालियां देने लगा व दहेज की मांग कर शारिरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। इसी दौरान उसे पता लगा कि उसके पति की कोई फर्म नहीं है और पति के सिर पर नकली बाल लगे हैं। इसके बाद उसका पति दहेज की मांग को लेकर और भी उग्र हो गया। दिनांक 10.01.2025 को उसका पति उसे मुम्बई से घर लेकर आ गया। दिनांक 04.03.2025 को पति व ससुराल वालों ने 2 लाख और आल्टो कार की मांग को लेकर उसे पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। धमकाते हुए कहा कि अगर दो लाख व कार लाये बिना घर आई तो तो तेरी लाश तेरे मायके वालों को भी नहीं मिलेगी। घटना के बाद पिता व रिश्तेदारों ने उसके पति व ससुरालियों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल वाले अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति व ससुराल वालों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दो युवकों को तमंचे के साथ पकड़कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** चेकिंग कर रही पुलिस ने दो युवकों को 315 वोर के तमंचे और जिन्दा कारतूसों के साथ पकड़कर जेल भेज दिया। थाने के उप निरीक्षक जयसिंह निगम अपने साथी पुलिस कर्मियों के साथ रविवार को कुंडरा कोठी चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि दो युवक बाइक से आ रहे हैं, इनके पास अवैध तमंचा और कारतूस हैं। मुखबिर की इस सूचना पर पुलिस ने बिना नंबर की बाइक से आते दो युवकों को रोक कर पूछताछ की, और उनकी तलाशी ली, जिसपर एक युवक के पास 315 वोर का तमंचा मिला, उसने अपना नाम मुनीश पुत्र मान सिंह सैंथल पट्टी थाना हाफिजगंज और दूसरे ने अपना नाम सत्यप्रकाश पुत्र प्रताप सिंह सैंथल पट्टी थाना हाफिजगंज बताया, इसके पास से पुलिस ने कई जिंदा और चले कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ किए जाने पर दोनों युवकों ने बताया कि उन्होंने यह तमंचा जे के यादव और अमन से खरीदे हैं, इस मामले में उप निरीक्षक जय सिंह निगम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जहां गिरफ्तार किए गए दोनों युवकों को जेल भेज दिया, वहीं तमंचा विक्री करने वाले दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# बहेड़ी में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** वीर योद्धा महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती के अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्धराज सिंह मौजूद रहे।

शोभायात्रा का आयोजन रामलीला मैदान से शुरू हुआ और तिकोनी मार्केट, नैनीताल रोड होते हुए सीबीसी बैंकेट हॉल झाझुनागर में समाप्त हुई। इस दौरान डीजे पर महाराणा प्रताप के जयकारे लगाए गए और



जगह-जगह दुकानदारों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

शोभा यात्रा के दौरान पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कोतवाली निरीक्षक संजय तोमर, एसआई प्रदीप चौधरी, एसआई अमित कुमार और एसआई अहमद अली अपनी टीम के साथ शोभा यात्रा के दौरान मुस्तैद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुंवर सिद्धराज सिंह के अलावा यसवीर सिंह, वच्चू सिंह, अमर ठाकुर, रित. ेंद्र प्रताप सिंह, सूर्य ठाकुर, अनुज सिंह, विनय सिंह, संजय ठाकुर, मिंटू सिंह, बिक्की ठाकुर और अरविंद सिंह सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर चिराग जलाकर पुष्पमाला अर्पित की गई।

# विवि में विदाई समारोह का हुआ आयोजन, नम हुई छात्रों की आंखें

शाह टाइम्स संवाददाता




**बरेली।** महात्मा ज्योतिबा फुले रोह. हलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग ने आज अपने विद्यार्थियों के लिए लम्हे नामक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह का विधिवत् शुभारंभ विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. तुलिका सक्सेना, प्रो. संजय मिश्रा, डॉ. सौरभ वर्मा एवं अन्य वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और रंगारंग बना दिया। छात्रों ने नृत्य, गायन सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे समारोह में उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिभा प्रतियोगिता रहा, जिसके आधार पर मिस्टर फेयरवेल एवं मिस फेयरवेल के खिताब प्रदान किए गए। प्रतिभा प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रो. एम.एल. मौर्य, प्रो. आशुतोष प्रीय, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. रुचि द्विवेदी एवं डॉ. कमिनी विश्वकर्मा उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल ने विद्यार्थी प्रतिभागियों का आकलन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा प्रदर्शित करने वालों का चयन किया। प्रतियोगिता में एमबीए (जनरल) पाठ्यक्रम से धर्मबीर यादव को मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया। वहीं, एमबीए (मार्केटिंग) से प्रगति गोकलानी और शिखर पांडेय ने क्रमशः मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल के खिताब हासिल किए। बीएमएस पाठ्यक्रम से ऋद्धि सक्सेना तथा आर्यन शुक्ला को क्रमशः मिस फेयरवेल और मिस्टर फेयरवेल का खिताब प्रदान किया गया। सभी विजेताओं को विभागाध्यक्ष प्रो. तुलिका सक्सेना एवं अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह के अंत में प्रो. तुलिका सक्सेना ने सभी विदाई समारोह में उपस्थित छात्रों को बधाई दी, और आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि यह विदाई समारोह छात्रों के जीवन के नए आरंभ का प्रतीक है, तथा विश्वविद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण को स्थापित करने में सहायक होगा। इस अवसर पर विभाग के अन्य संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे, और सभी ने कार्यक्रम की सफलता पर संतोष व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन ने विद्यार्थियों को यादगार विदाई देने के साथ ही उन्हें आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित किया।

## कोतवाली देवरनियां एक बार सुर्खियों में

- नेता जी को हवालात में बैठाना दरोगा को पड़ा महंगा, एसपी ने किया लाइन हाजिर

शाह टाइम्स संवाददाता



**बरेली।** देवरनियां कोतवाली में तैनात दरोगा पर बड़ी कार्रवाई हुई है। मारपीट के एक मामले में सिफारिश लेकर पहुंचे नेता जी को हवालात में बैठाने के आरोप में पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने दरोगा को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, चार दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफनगर में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी।

डायल 112 की टीम द्वारा एक आरोपी को मौके से पकड़कर कोतवाली लाया गया था। इसी मामले में एक स्थानीय नेता सिफारिश लेकर कोतवाली पहुंचे थे, लेकिन दरोगा ब्रजपाल ने नेता जी से कथित अभद्रता की, और उन्हें ही हवालात में बैठा दिया। घटना के बाद नेता जी ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अनुराग आर्य ने जांच के बाद दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया।

# युवक को फावड़ा मारकर उतारा मौत के घाट

## मुमेरी बहन से छेड़छाड़ के विरोध में हत्या, परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मुमेरी बहन से छेड़छाड़ का विरोध करना युवक को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा है। दबंगों ने सरियों से ताबड़तोड़ वार कर फावड़ा मारकर हत्या कर दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने लाश का पंचनामा पोस्टमार्टम को भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर 8 में को ग्राम सतेडा बारात गई थी। गांव निवासी अवनीश पुत्र अमरीश उर्फ राजू की मोमेरी बहन के साथ बारात में छेड़छाड़ हो गई थी। इसको लेकर उसका विरोध किया था। इसको लेकर उसका गांव के ही अनुज से विवाद हो गया था। उस समय ग्रामीणों ने दोनों के बीच हस्तक्षेप करते हुए समझौता ककरा दिया था। लेकिन अनूज ने तो अमरीश से बदला लेना अपने दिल में ठान लिया था। रविवार की सुबह करीब 8:30 बजे अमरीश अपने खेत में गन्ने का बीज लगाने के लिए जा रहा था। इस दौरान अनूज कई अन्य साथियों के साथ बाइक पर सवार होकर अमरीश के पास पहुंच गया तथा उसे घेर लिया। उसके बाद दबंगों ने अमरीश पर सरियों से हमला बोल दिया। उन्होंने अवनीश के सर में फावड़ा मार दिया। जिससे अमरीश आयु 18 वर्ष की कुछ ही देर में तड़पकर घटना स्थल पर मौत हो गई। दबंग वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गये। अमरीश की हत्या होने की खबर मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गये। सूचना मिलते ही सीओ दीप कुमार पन्त घटना स्थल पर पहुंच गये। एडिशनल एसपी राजीव कुमार ने भी घटनास्थल का मौका मौका मुवायना किया है। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये हैं। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया की तहरीर प्राप्त हो गई है। उसके आधार पर मुकदमा लिखा जा रहा है।



हसनपुर। जवान बेटे की हत्या पर विलाप करते परिजन।



हसनपुर। घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व जमा ग्रामीण।

# पीड़ित छात्रा के कोर्ट में आज हो सकतें बयान

## आरोपी शिक्षक पुलिस पकड़ से दूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** छेड़छाड़ के विरोध पर छात्रा को यातनाएं देकर मरणासरन करने वाला शिक्षक फरार है। पुलिस ने छात्रा को उसके परिजनों के साथ कोतवाली में बुलाकर उसके बयान दर्ज किये। आज मेडिकल के बाद पीड़ित छात्रा को कोर्ट में पेश किया जायेगा जहां उसके बयान दर्ज होंगे। जबकि मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी शिक्षक फरार है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस दबिश दे रही है।

बताते चलें कि डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 15 वर्षीय बेटी स्थानीय एक कॉलेज में कक्षा दस की छात्रा है। आरोप है कि कॉलेज में संविदा पर पढ़ाने वाला शिक्षक विवेक चीमा काफी दिन से छात्रा के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। बीते दिनों छात्रा ने परेशान होकर परिजनों को आपबीती सुना दी थी। परिजनों ने कॉलेज पहुंचकर प्रधानाचार्य और प्रबंध समिति से जुड़े पदाधिकारियों से विवेक चीमा की इस हरकत की शिकायत की थी। कॉलेज की बदनामी होने के चलते उस समय मामला दबा दिया गया था लेकिन इसके बावजूद विवेक चीमा अपनी गंदी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। आरोप है कि बीती 19 अप्रैल को विवेक चीमा ने छात्रा को धोखे से कॉलेज के पीछे मैदान में बुला लिया। यहां पहले उसके साथ छेड़छाड़ की और बाद में जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया। हमले मे नसों में सूजन आने से छात्रा की आवाज चली गई और उसने याददाश्त भी खो दी। इतना ही सहमी छात्रा परिवार के लोगों को भी पहचानने से इनकार करने लगी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल में दिखाकर उपचार दिलाया। करीब 15 दिन बाद जब छात्रा की हालत में सुधार आया तो उसने परिजनों को उस दिन का घटनाक्रम बता दिया। डिडौली कोतवाली पुलिस ने मामले में पीड़ित छात्रा के पिता की तहरीर पर आरोपी शिक्षक विवेक चीमा के खिलाफ छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट व हत्या के प्रयास के अलावा अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में विवेचना शुरू कर दी गई है। पीड़ित छात्रा के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। अब सोमवार को मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराने से जुड़ी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं, आरोपी विवेक चीमा अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है।

# डम्पर में घुसी स्कूटी, कलेक्शन एजेंट की मौत

## चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डंपर से हुई जबरदस्त भिड़ंत में स्कूटी सवार कलेक्शन एजेंट की मौत हो गई। आगे चल रहे डंपर के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाना हादसे का कारण बना। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, बाद में मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है तथा फरार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक मुरादाबाद जिले के मझोला थाना क्षेत्र के गांव मंगूपुरा स्थित ग्रीन



ओर्चिड कालोनी निवासी जितेंद्र कुमार शुक्ला किसी कंपनी में कलेक्शन एजेंट की नौकरी करते थे। उनके परिवार में पत्नी निर्वेश देवी शुक्ला के अलावा बेटे विमल शुक्ला तथा बेटी प्रेरणा शुक्ला हैं। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह जितेंद्र शुक्ला स्कूटी पर सवार होकर पिलखुवा में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। हादसे से खुद को बचाने के लिए उन्होंने हेलमेट भी लगाया था। जब वह डिडौली में सीएनजी पंप के सामने पहुंचे तो उनके आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते जितेंद्र शुक्ला की स्कूटी अनियंत्रित होकर पीछे से डंपर में घुस गई। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद चालक डंपर को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जांच-पड़ताल की, परि. जनों को जानकारी देने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। डंपर को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन कोतवाली पहुंच गए थे। तहरीर के आधार पर मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि स्कूटी की डिग्गी में 26 हजार रुपये भी मिले थे। दरोगा मोहम्मद तारिक व सिपाही सचिन पंवार ने नकदी मृतक के परिजनों को सौंप दी हैं।

# कारीगर के बेटे की करंट लगने से मौत

## हादसे में बुझा घर का चिराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मिठाई कारीगर के सात वर्षीय बेटे को करंट लग गया। आनन-फानन में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तक तक देर हो चुकी थी। इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया। बिना कार्रवाई मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया गया है।

शनिवार शाम की घटना कस्बा डिडौली की है। यहां पर मोहम्मद युनूस का परिवार रहता है। उनकी गांव में ही मिठाई की दुकान है। परिवार में पत्नी शाजिया के अलावा एक बेटी व सात वर्षीय बेटा मोहम्मद आहान था। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम आहान घर में रखे फ्रिज से पानी की बोतल निकाल रहा था। उसी समय कंप्रेशर में फाल्ट होने के कारण फ्रिज में करंट दौड़ गया। फ्रिज खोलते ही करंट ने आहान को अपनी चपेट में ले लिया। तेज झटका लगने से वह बेहोश होकर गिर गया। शरीर नीला पड़ता देख परेशान परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए लेकिन तब तक आहान की मौत हो चुकी थी। वहीं, इकलौते बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार सुबह में परिजनों ने मृतक को सुपुर्द खाक कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने घटना संज्ञान में होने से इनकार किया है।

# ट्रेन के आगे कूदकर अधेड़ ने दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आनंद विहार से मुरादाबाद दिशा की ओर जा रही रनथ्रू जनसाधारण एक्सप्रेस के सामने कूदकर एक 50 वर्षीय अधेड़ ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद ट्रेन भानपुर फाटक पर करीब छह मिनट खड़ी रही, चालक ने ही स्टेशन कंट्रोल को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची आरपीएफ ने शव को कब्जे में लिया, मगर समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। रविवार को सांय लगभग 04:15 मिनट भानपुर फाटक से कुछ दूरी पहले जनसाधारण एक्सप्रेस के सामने अचानक एक व्यक्ति ने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद ट्रेन चालक ने स्टेशन कंट्रोल को सूचित किया, छह मिनट तक गाड़ी खड़ी रहने के बाद यहां से

**■ समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी शिनाख्त**

रवाना हुई। कंट्रोल के माध्यम से सूचना प्राप्त करके आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की उम्र करीब पचास वर्ष रही होगी, हालांकि उसके पास से कोई ऐसा पहचान पत्र आदि नहीं मिल सका, जिससे उसकी पहचान हो सकती। काफी देर प्रयास करने के बाद आरपीएफ ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिये भेज दिया है, वहीं शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।




■ अमरोहा। ओपन इंटर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

# अक्षू, आरव व आयुष ने जीते गोल्ड मेडल

## हिल्टन कान्वेंट स्कूल की टीम रही प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ओपन इंटर बाक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में आरआईएस के आरव यादव व अमरोहा स्पोर्टस एकेडमी आयुष सैनी ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। चेयरमैन ने सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

**■ ओपन इंटर स्कूल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप**

गुलड़िया रोड पर ओपन इंटर स्कूल बाक्सिंग चैम्पियशिप का आयोजन किया गया। 18-20 किलोग्राम भार में दिल्ली पब्लिक स्कूल के अक्षु ने गोल्ड, केजीएफ के अंश ने सिल्वर, अमरोहा स्पोर्टस एकेडमी के आयुष्य ने ब्राउन मेडल अपने नाम किया। 22-24 किलोग्राम भार में आरआईएस के आरव यादव ने गोल्ड, हिल्टन के आर्यन ने सिल्वन मेडल जीता। 28-30 किलोग्राम भार में अमरोहा स्पोर्टस एकेडमी के आयुष्य सैनी ने गोल्ड अपने नाम किया। हिल्टन के लवीश से सिल्वर अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में पांच गोल्ड, आठ सिल्वर, 15 ब्राउन मेटल, के साथ 45 पाइंट हासिल कर हिल्टन कान्वेंट स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया। नौ गोल्ड, दो सिल्वर, तीन ब्राउन मेडल के साथ 34 प्वाइंट पर अमरोहा स्पोर्टस एकेडमी दूसरे स्थान पर रही। जबकि तीन गोल्ड, पांच सिल्वर, तीन ब्राउंड एसएसएन तीसरे स्थान पर रही। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन कुंवर विनीत अग्रवाल द्वारा किया गया। जबकि चेयरमेन श्रीमति शशि जैन ने सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शारदुल अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, मनीष सैनी, योगेन्द्र कुमार, दिव्यांशी सैनी, मंजू सिंह आदि मौजूद रहीं।

# धूमधाम से निकलेगी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आगामी 16 मई को नगर के बस्ती स्थित स्व.रमाशंकर कौशिक स्मृति पार्क( अवंतिका पार्क) से सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में एक शोभायात्रा निकाली जाएगी। रविवार को नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में क्षत्रिय समाज के लोगों ने एक बैठक करके शोभायात्रा को लेकर रणनीति बनाई और सभी से जुट जाने का आह्वान किया। ठेकेदार महेन्द्र सिंह चौहान ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की वीरता पर विस्तार से चर्चा की, बताया कि उन्होंने सदैव वीरता का परिचय दिया और देश के मान, सम्मान और स्वाभिमान के लिये अंतिम सांस तक लड़े। उनके बलिदान और शौर्य के प्रति जितने भी शब्द कहे जाएं वह कम ही कम हैं। अन्य वक्ताओं ने भी अपने संबोधन में आह्वान किया कि हमें अपने देश की रक्षा के लिये सदैव तैयार रहना चाहिये। बैठक में सोमपाल सिंह चौहान, डूंगर सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य जीपी सिंह चौहान, वीर सिंह चौहान, जगतपाल सिंह चौहान, राजीव राजपूत, विक्रांत चौहान, अंकित चौहान, जितेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे। अधिक जानकारी देते हुए राजीव राजपूत ने बताया कि शोभायात्रा नगर में भ्रमण करके मोहल्ला चौहानपुरी में जाकर समाप्त होगी।



# मुस्लिम कमेटी ने महबूब का आभार जताया

## समाजसेवा में बढ़चढ़कर लेंगे हिस्सा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार सुबह मोहल्ला दानिशमंदान स्थित कैंप कार्यालय पर सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश लोक-लेखा समिति के अध्यक्ष महबूब अली से मुलाकात तथा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कमेटी पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि कमेटी अब से हर वह काम करेगी जो किसी भी समाज सेवी संस्था का बुनियादी फर्ज होता है। समाज के सामने बहुत गम्भीर मुद्दे हैं जिनमें सबसे बड़ा मुद्दा शैक्षिक स्तर है हमारा प्रयास रहेगा कि सब मिलकर समाज के शैक्षिक स्तर को ऊंचा करें। विधायक महबूब अली ने भी अध्यक्ष इकबाल अहमद खां व कमेटी को बधाई देते हुए हमेशा साथ खड़े रहने की बात कही। इस दौरान डा.सिराज उद्दीन हाशमी, हाजी नासिर सिद्दीकी, आसिफ कुरैशी, हाजी नसीम खां, मुशाहिद अली अब्बासी, डा.नजमुन नबी, आरिफ मलिक, मुराद आरिफ, अथर जमाल, इकरार अहमद अंसारी, डा.अफसर परवेज, अहसान अहमद सलमानी, रोमी शफात आदि मौजूद रहे।



■ अमरोहा। मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारियों का स्वागत करते सदर विधायक महबूब अली।

# श्री राम नवमी महोत्सव के पहले दिन सुन्दर प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री श्याम मित्र मण्डल के तत्वाधान में आयोजित चतुर्दश श्रीराम नवमी महोत्सव में देवी-देवताओं की झांकियों ने मन मोह लिया। नगर के अवंतिका पार्क में दो दिवसीय चतुर्दश महोत्सव शनिवार रात 9 बजे शुरू हुआ।

**■ घंटो तक भक्ति सागर में डूबे रहे श्रद्धालु**

कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर पालि. का अध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी, पूर्व विधायक हरपाल सिंह एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेंद्र सिंह ने विधि विधान से पूजा अर्चना करके किया। सबसे पहले भगवान गणेश की वंदना हुयी, जिसके बाद कार्यक्रम ने गति प्राप्त की। भव्य कार्यक्रम में बाहर से आए कलाक. ारों द्वारा शिव पार्वती, श्री श्याम बाबा के जन्म की कथा, महाकाली का विराट रूप, श्री बांके बिहारी दर्शन, तिरुपति बालाजी लीला, हनुमान जन्म ,शिव बारात, शीतला माता की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। घंटो तक श्रद्धालु भक्ति सागर में डूबे रहे। चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा ने कहा कि हर वर्ष श्री श्याम मित्र मण्डल द्वारा किया जाने वाला यह कार्यक्रम बहुत ही भक्तिपूर्ण होता है। इसके लिये सभी कार्यकारिणी बधाई की पात्र है। इस मौके पर अध्यक्ष कपिल कुमार सिंघल, संयोजक डॉ.राजीव शुक्ला, अंकित अग्रवाल, वैभव गोयल, लक्की कौशिक, आयुष जिंदल, हर्षी सिंघल, आदित्य गोयल, प्रांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।



## अल्ट्रासाउंड सील करने पर सीएमओ पर लगाए थे भ्रष्टाचार के आरोप

# भाजपा नेता को पकड़ने का साहस नहीं जुटा पा रही पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** सब सबूत होने के बावजूद पुलिस भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पति को गिरफ्तार करने का साहस नहीं जुटा रही। चर्चा है कि एक जनप्रतिनिधि मामले को रफादफा कराने के प्रयास में जुटा है।

बताते चलें कि करीब दस दिन पूर्व सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह ने रहरा रोड पर एक अल्ट्रासाउंड केन्द्र को सील किया था। जिस पर भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी का सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह से बीच सड़क पर जमकर विवाद हुआ। भाजपा नेता का कहना था कि जिले में बड़े पैमाने पर अवैध अल्ट्रासाउंड केन्द्र, अस्पताल व पैथोलॉजी लैब संचालित है। हर महीने सीएमओ को इनसे रिश्वत के रूप में मोटी रकम पहुंचती है। भाजपा नेता सीएमओ से भिड़ गया तथा उसने कहा कि पहले उसके करीबी का अल्ट्रासाउंड केन्द्र क्यों सील किया गया। जितने में जितने भी अवैध अल्ट्रासाउंड केन्द्र हैं सबको सील किया जाये। भाजपा नेता व सीएमओ की

**■ मुकदमा एक्सपंच करने की जुगत में खाकी**

नोकझोंक का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। यहां तक कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस वीडियो को अपलोड कर योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। दो दिन की फजीहत के बाद सीएमओ डा. सत्यपाल ने भाजपा नेता पिंटू भाटी समेत 23 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर सत्तारूढ पार्टी दो गुटों में बंट गयी है। एक जनप्रतिनिधि चाहते हैं कि भाजपा नेता के खिलाफ कार्रवाई हो जबकि दूसरे जनप्रतिनिधि अपनी ही पार्टी के नेता को बचाने में लग गये हैं। यही कारण है कि रिपोर्ट को दस दिन बीत जाने के बाद भी भाजपा नेता को पुलिस गिरफ्तार करने का साहस नहीं जुटा सकी है। चर्चा है कि राजनीतिक दबाव में पुलिस भाजपा नेता पिंटू भाटी के खिलाफ मुकदमे को एक्सपंच करने की तैयारी में है। अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी से कोई विपक्ष का नेता या सामान्य व्यक्ति कुछ कह भी दे तो उसके खिलाफ मुकदमा बाद में दर्ज होता है पहले पुलिस उसे हिरासत में ले लेती है। जबकि सत्तारूढ पार्टी के नेताओं के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती।

# ट्रेन से गिर कर असम के व्यक्ति की दर्दनाक मौत

## शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ट्रेन से गिरकर 45 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को रेलवे लाइन के नगीना-पुरैनी स्टेशनों के बीच खम्मा नंबर 1472/13-15 के अंतर्गत गेट नंबर 467 के पास एक व्यक्ति की गाड़ी संख्या 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस से गिरकर मृत्यु हो गई। चलती हुई ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मृत्यु की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और सिविल पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। घटना के संबंध में थाना प्रभारी नगीना तेजपाल सिंह ने बताया कि थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हसनअलीपुर भोगन के पास एक व्यक्ति ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी दुखद मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान कमल (45 वर्ष) पुत्र सदराबहादुर निवासी देवपानीदडा थाना सफाकुंआ जनपद तिनसुकिया असम के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मृतक के शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# धामपुर में साहित्यकार सम्मान समारोह

## साहित्यकारों के दायित्वों पर चर्चा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साहित्यिक सांस्कृतिक राजधानी धामपुर में अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका की ओर से आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह, कवि सम्मेलन और पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में साहित्यकारों ने वर्तमान समय में साहित्यकारों के दायित्वों पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय हित में लेखनी चलाते हुए राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत साहित्य की आवश्यकता पर बल दिया।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और नरेंद्र जीत सिंह अनाम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर समारोह के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि आनंद दीवान, पवन कुमार शर्मा (देहरादून), डॉ.पंकज भारद्वाज (बिजनौर), अमन कुमार त्यागी (नजीबाबाद) सहित विशिष्ट अतिथि सतेन्द्र शर्मा तरंग, हरीश रवि, संजय प्रधान, आनन्द सिंह आनंद, पवन कुमार सूरज (देहरादून), संजीव शर्मा 'एकल' (जसपुर), डॉ. हितेन सिंह तड़प (मेरठ) सहित धामपुर की विशिष्ट प्रतिभाओं डॉ. राजेंद्र चौधरी, सुमित शर्मा, रोमियो मयूर को मुख्य वक्ता डॉ. शंकरलाल शर्मा क्षेम ने अंग वस्त्र, माला और सम्मान पत्र अभिव्यक्ति रत्न सम्मान 2025 से अलंकृत किया। इसी श्रृंखला में प्रोफेसर पूनम चौहान, शुचि शर्मा, आभा शर्मा, ज्योति रानी, डॉ. पंकज कुमार, नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. भूपेन्द्र कुमार, राजकुमार सिंह, हरिकांत शर्मा, डॉ. सारंगा देश असीम, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अभिनव शर्मा, राम सिंह सैनी सुमन, विभोर अग्रवाल, अशोक कुमार, वीरेंद्र बेताब, मनोज कात्यायन, भूपेन्द्र शर्मा, डॉ. जितेन्द्र कौशिक, अभिषेक भारद्वाज, संजीव कौशिक, मुकेश कुमार कपिल तुली, हरिकांत शर्मा आदि को अभिव्यक्ति रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मित्र लोक देहरादून की ओर से आनंद दीवान, पवन शर्मा, सतेन्द्र शर्मा तरंग आदि ने कार्यक्रम संचालक डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल' को साहित्य प्रहरी सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहित्यकार डॉ. भूपेन्द्र कुमार की कृति अखिल जग में गीत गूंजते का लोकार्पण सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में कवियों ने राष्ट्र प्रेम की रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा अरुण के निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल शर्मा अनिल ने किया।

# एलएल.एम. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एलएल.एम. तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र प्रीति त्यागी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रियंका तिवारी ने 72.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सत्या सिंह ने 72.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर, एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के अन्तर्गत जिला बिजनौर में एल.एल.एम. की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र संस्थान है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आरजेपी में स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता

## विजेताओं को किया पुरस्कृत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के तत्वावधान में स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम संरक्षक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा हमें आईएसआई मार्क की वस्तु का प्रयोग करना चाहिए। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम करना एक अत्यंत सराहनीय कार्य है जो उपभोक्ताओं को बाजार में से वस्तु को खरीदते समय विभिन्न समस्याओं से बचने का कार्य करेगा। शाखा देहरादून से आये विशेषज्ञ गगन दीप ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को जागरुक करना है जिससे कि उपभोक्ता के पास एक प्रमाणित वस्तु आए और वह नकली उत्पादों के प्रयोग से बच सके। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक एवं गैर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों तथा सोने के आभूषण खरीदते समय वीआईएस के अलग-अलग मानक चिन्हों के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्यन एवं उमैर, द्वितीय स्थान पर निखिल तोमर एवं कार्तिक कुमार, तृतीय स्थान विक्की एवं नितिन, चतुर्थ स्थान कार्तिक शर्मा एवं रोहित प्राप्त किया। प्रत्येक विजयी प्रतिभागियों को नगद धनराशि से प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह ने किया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, एसपी गंगवार, रश्मि चौहान, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, विनीत कुमार गहलोत, मोहम्मद अनस, अमन यादव, जय प्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी असगर का दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मोहल्ला चिरंजीलाल स्थानीय निवासी मोहम्मद असगर 45 वर्षीय का अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही नगर वासियों को मिली नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

मोहम्मद शावेज ने बताया कि शनिवार की शाम को घर पर ही अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा। आनन-फानन में नगर के लाइफ लाइन अस्पताल में उसको दिखाया गया, जहां पर दवाई लेने के बाद मोहम्मद असगर वहीं पर गिर गए और वहीं पर अंतिम सांस ली। जैसे ही अस्पताल से परिजनों को मृत्यु की सूचना मिली। परिजन अस्पताल आ गए और अपनी संतुष्टि के लिए फिर भी काशीपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए, जहां पर डॉक्टर ने असगर को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना नगर वासियों को मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मोहम्मद शावेज ने बताया वह अपने पीछे भरे परिवार को इस दुनिया से अलविदा कह गए। उनके जनाजे की नमाज रविवार को 10:00 बजे किले वाली मस्जिद में अदा की गई और स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। जनाजे में शिरकत करने वालों में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयर पर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयर पर्सन पति सलीम अंसारी, पूर्व अध्यक्ष नफीस कुरैशी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश उर्फ मुन्ना, विनय भार्गव वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष, मास्टर शमीम, तस्लीम, पूर्व सभासद खलील अहमद उर्फ पप्पू पठान, सभासद दिलशाद, सभासद अजीमुश्शान उर्फ चांद, मोहम्मद शाहिद, अब्दुल बारी, नजाकत आदि जनाजे में मोजूद रहे।

# 32 बटालियन ने कराई मॉक ड्रिल

## एनसीसी कैडेटस को दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 32 यूपी बीएन एनसीसी धामपुर के कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट के दिशा निर्देशन में तथा सूबेदार मेजर बलवंत सिंह के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स को मॉक ड्रिल कराई गई तथा उसके विषय में विस्तार से बताया गया।

हवलदार मनोज राय ने बताया कि यह ऐसा परिदृश्य होता है, जिसमें प्रतिभागी अभ्यास करते हैं जिससे की वे आपदा या आपातकाल की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करेंगे। चाहे वह आग हो, भूकंप हो, चिकित्सा आपातकाल हो या अन्य कोई संकट। मॉक ड्रिल से विभिन्न लाभ होते हैं। वास्तव में मॉक ड्रिल कर्मचारी, छात्रों या जनता के लिए एक आत्मविश्वास बढ़ाने और तैयारी बढ़ाने में मदद करती है। मॉक ड्रिल विभिन्न प्रकार की हो सकती है, जिसमें मुख्य अग्नि ड्रिल, भूकंप अभ्यास, चिकित्सा आपातकालीन अभ्यास, रासायनिक रिसाब ड्रिल, निकासी ड्रिल मॉक ड्रिल से लाभ होता है। मॉक ड्रिल में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है, आपस में कमजोरी की पहचान होती है तथा समन्वय में वृद्धि होती है। मॉक ड्रिल को आयोजित करने के विभिन्न चरण होते हैं। सर्वप्रथम ड्रिल की योजना बनाई जानी चाहिए। ड्रिल की घोषणा करनी चाहिए तथा अलार्म सक्रिय होना जरूरी है। निकासी प्रक्रिया का पता हो, इसके पश्चात निर्दिष्ट क्षेत्र में एकत्रित होना अनिवार्य है। बाद में रोल काल और ब्रीफिंग होना भी अति आवश्यक है। मॉक ड्रिल को स्कूल, अस्पताल, कार्यालय आदि में किया जा सकता है।

इस अवसर पर सूबेदार मेजर बलवंत सिंह, हवलदार मनोज राय, हवलदार मन बहादुर लिम्बु, हवलदार हवलदार संजय सिंह, हवलदार विनोद नेगी, हवलदार अर्जुन सिंह, हवलदार रघुवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## टैंट की दुकान में आग लगने से नुकसान

**हल्दौर।** गांव नांगल जट में एक टैंट हाउस की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

गांव नांगलजट निवासी ब्रह्मजीत की बस्ती में ही दुकान स्थित है। कुछ दूरी पर उसका घर है। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को वह दुकान बंद कर घर चला गया था। मिली जानक. ारी के अनुसार देर रात उसकी दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। मौके से गुजर रहे कुछ लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर मोहल्लेवासी और परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार के अनुसार आग लगने से लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। मामले की तहरीर पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम : मो. ताहिर

## ताहिर ने की गरीब परिवार की मदद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने नगर के एक गरीब परिवार की मदद करते हुए कहा कि हर सक्षम इंसान को अपने आसपास से गरीब परिवारों की मदद करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों की मदद करना दुनिया में सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। हमारी छोटी सी मदद से किसी गरीब का भला हो जाए तो यह सबसे बड़ा कर्म होता है और ऐसे अच्छे कर्म हर इंसान को हमेशा करते रहना चाहिए।

देर सायं मोहम्मद ताहिर ने अपनी टीम के कुछ सदस्यों के साथ शहर के एक गरीब परिवार के घर पहुंच कर शुष्क राशन सामग्री, कपड़े व कुछ नकदी देकर आर्थिक मदद करते हुए आगे भी इसी तरह गरीबों की मदद करते रहने का संकल्प लेते कहा कि मैं जैसा हूं जिस लायक हूं हर समय तैयार हूं। उनकी इस मदद से एक गरीब परिवार के यहां खुशी देखने को मिली।

उन्होंने बताया कि आज इस दौर में कोई किसी का नहीं है लेकिन बहुत से ऐसे भी लोग हैं जो हमेशा ऊपर वाले से डरते हैं और गरीबों की मदद करते हैं। उन्होंने अपने शहर के उन सक्षम परिवारों से भी अपील करते कहा कि वह भी इसी तरह गरीबों की किसी न किसी रूप में मदद करें, किसी की मदद से किसी का भला हो जाता है यह उसके लिए सबसे बड़ी खुशी की बात होती है। इससे पहले उन्होंने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत अपने विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला सचिव कृष्ण कुमार, वरिष्ठ नेता डिम्पल, डा. अतीक के साथ ग्राम तिरपुड़ी तिरपुडा में प्रधान अमर दीप के निवास स्थान पर पहुंच कर गांव के गणमान्य व्यक्तियों को सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के संघर्षों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया तथा सभी से आजाद समाज पार्टी का सदस्य बनने पर जोर दिया।

# मातृत्व दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मोहल्ला सरायरफी स्थित गुरुद्वारा मे गुरुद्वारा सिंह सभा चांदपुर की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर मे बड़ी संख्या मे युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस दिवस को यादगार बनाने के लिए सर्वसमाज मे एक अच्छा सन्देश देने का काम किया। रक्तदान शिविर मे युवा समाजसेवी आशु गोयल का भी विशेष सहयोग रहा। शिविर में कार्यक्रम पश्चात समाज सेवा एवं राष्ट्र हित में कार्य करने वाले युवाओं को समाजसेवा के कार्यों के लिये

## राष्ट्र हित में कार्य करने वाले युवा सम्मानित

सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मौजूदा ब्लॉक प्रमुख कुंतेश देवी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र राजपूत सहित समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले अनेक समाजसेवियों को गुरुद्वारा सिंह सभा चांदपुर की ओर से सरदार अच्छन सिंह लोहिया व उनकी पूरी टीम ने सम्मानित किया।

# पत्रकारों की बैठक में अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श

## निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता पर बल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट धामपुर तहसील इकाई संगठन के पत्रकारों की मासिक बैठक होटल कॉर्बेट पार्क में आयोजित हुई, जिसमें पत्रकारिता से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ व संगठन के आई कार्ड वितरित किए गए।

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट संगठन तहसील धामपुर इकाई के तत्वावधान में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पत्रकारिता से जुड़े समसामयिक विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान एसोसिएशन से जुड़े सभी पत्रकारों को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट तहसील धामपुर इकाई के आईडी कार्ड वितरित किए गए। यह पहल पत्रकारों की पहचान और संस्थागत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है।

बैठक में वक्ताओं ने निष्पक्ष और निडर, निर्भीक पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल देते हुए पत्रकारों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने साथ ही युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन देने तथा पत्रकारिता से जुड़े नए सदस्यों को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

बैठक की अध्यक्षता मास्टर गोपाल सिंह व संचालन इशरत अली ने किया। इस अवसर पर मौजूद पत्रकारों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल व अजमल हसन, तहसील अध्यक्ष इशरत अली, महासचिव मास्टर गोपाल सिंह, कोषाध्यक्ष शेख मौहम्मद यूसुफ, अर्जुन चौहान अमानत हुसैन, कमरूद्दीन, मुशर्रफ अली, डॉ. कोमल सिंह, अनीस अहमद, डॉ. मौहम्मद जीशान, विमल कुमार गुप्ता, जावेद सलाम, मुजम्मिल खान सूरी आदि मौजूद रहे।

# 145 मधुमक्खियों के डिब्बे जल कर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** हल्दौर के ब्लॉक परिसर में आग लगने से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला समूह के करीब 145 मधुमक्खियों के डिब्बे जलकर नष्ट हो गए।

ब्लॉक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नीलम, परमात्मा, पिता परमेश्वर, राधे राधे आदि समूहों की डोली, बबली, संतोष देवी, बुलबुल, दयावती आदि ने यूकेलिप्टस पेड़ में करीब 145 डिब्बों में मधुमक्खियों का पालन कर रखा है। पास ही कूड़ों का ढ़ेर पड़ा हुआ। शनिवार की देर शाम अचानक ढेर में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मधुमक्खियों के डिब्बे जलकर राख हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीओ अजयपाल सिंह व अन्य कर्मचारियों ने आसपास से पानी डालकर आग पर काबू पाया। एडीओ के अनुसार आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने थाने में इस संबंध में तहरीर दी है।

# राजनयिकों ने गांधी समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की, शाहबाद जाकर कोठी भी देखी

**■ ग्रीस, वेनेजुएला और नीदारलैंड्स के राजनयिक दूसरे दिन भी रामपुर में ऐतिहा. सिक धरोहरों से रूबरू हुए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रीस, वेनेजुएला और नीदारलैंड्स के राजनयिकों ने रामपुर दौरे के दूसरे दिन गांधी समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की। शाहबाद जाकर नवाबी शासन की प्रतीक कोठी भी देखी। तीन देशों के राजनयिक शनिवार को पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के बुलावे पर यहां आए थे। इन राजनयिकों में नीदारलैंड्स के बर्नहार्ड विलेम स्कॉल्टज, वेनेजुएला के ओस्वाल्डो अल्बर्टो और ग्रीस के दिमित्रियोस सिडेरिस शामिल रहे। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि राजनयिकों ने रविवार को गांधी समाधी पर पुष्पांजलि अर्पित की और कोठी शाहबाद देखी। उन्होंने कोठी की जमकर प्रशंसा की। राजनयिकों ने कहा कि कोठी को पर्यटन स्थल के रूप में देश और दुनिया के नक्शे पर लाना चाहिए। ग्रीस के राजनयिक दिमित्रियोस सिडेरिस का जन्मदिन भी रामपुर में ही मना। पुलिस लाइन के निकट स्थित झील में केक काटकर उनके बर्थडे की खुशी मनाई गई। राजनयिकों को रामपुर की संस्कृति और इतिहास ने काफी प्रभावित किया। उन्होंने खुशी जताई कि इस छोटे शहर में ऐसा बहुत कुछ है जो रामपुर को अनूठा बनाता है। उन्होंने कहा कि रामपुर आकर बहुत अच्छा लगा, क्योंकि यहां का भोजन, वातावरण और मेहमान नवाजी बेमिसाल है। इससे पूर्व राजनयिकों ने कल रजा लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और खासबाग पैलेस का भी दौरा किया। को भीम आर्मी भारत एकता मिशन (पंजी) संगठन का जिला कार्यालय काशीराम कॉलोनी सोनपुर निकट हड्डी मील हरथला मुरादाबाद में खोला गया। जिसका उद्घाटन संगठन के प्रदेश सचिव एडवोकेट सत्यपाल सिंह बादल मंडल प्रभारी राजेश खन्ना मंडल अध्यक्ष दीपू कुमार आजाद जी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी तथागत गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण एवं मिष्ठान वितरण किया गया। तथा संगठन के पदाधिकारियो ने एक विचार गोष्ठी भी की गई तथा कई बिंदुओं पर



चर्चा हुई, जिससे बहुजन समाज में हो रहे अत्याचार के खिलाफ अपनी लड़ाई को संविधान के दायरे में रहकर मजबूती से सभी पदाधिकारी निस्वार्थ होकर अपने-अपने क्षेत्र में लड़े और बहुजन समाज को मजबूत करें। तथा बहुजन समाज से यह भी अपील की गई कि अपने हक अधिकारों को जाने और अपने बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में मजबूत करें। तथा आप चाहे एक रोटी कम खाएं अपने बच्चों को जरूर पटाए। उद्घाटन एवं विचार गोष्ठी में उपस्थित एडवोकेट सत्यपाल सिंह बादल (प्रदेश सचिव )राजेश खन्ना (मंडल प्रभारी) दीपू कुमार आजाद (मंडल अध्यक्ष) जयप्रकाश (जिला अध्यक्ष ) अंकित कुमार आजाद (जिला प्रभारी) विजेंद्र कुमार आजाद (जिला उपाध्यक्ष) रवि कुमार (जिला सचिव) मिंटू सिंह गौतम ब्रह्म सिंह गौतम जगदीश कुमार (जिला प्रभारी) शिवम कुमार धीरज कुमार आजाद शेखर कुमार गौतम अनिल कुमार सागर संजय कुमार कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# घर में भीषण आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान



**■ फायर ब्रिगेड ने घंटों मुशक्कत के बाद आग पर किया काबू**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में स्थित मोहल्ला सुरंग निवासी मोहम्मद शरीफ पुत्र जामी के घर में किसी अज्ञात कारणों के कारण आग लग गई देखते ही देखते आग ने एक विशाल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लपटे देख आस पास के लोग बाल्टियों में पानी भर भर कर डालकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन आग और तेजी से फैलने लगी आग की लपटों को देख भारी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई तभी नगर पंचायत के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और वहीं किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंचकर तुरंत फायर बिग्रेड को बुलाया। फायर बिग्रेड की टीम ने घंटों मेहनत के उपरांत आग पर काबू पाया गया वहीं गृह स्वामी ने बताया कि घर में रखी लाभग दो हजार दरियां एक गाड़ी कतरन 70 बोरो सहित कपड़े व राशन आदि जलकर हुआ खाक आग लगने से लगभग 4 लाख का भारी नुकसान हुआ है।

# कान्हा गौशाला में पशुओं का रखरखाव ठीक नहीं होने पर बजरंग दल का हंगामा

## ट्विटर पर डीएम समेत अन्य अफसरों से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** मसवासी की कान्हा गौशाला में पशुओं का रखरखाव और उन्हें पानी की व्यवस्था दूषित मिलने पर गौ रक्षकों और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर गौशाला कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को गौरक्षा सेवा के मसवासी प्रमुख रवि कुमार मौर्य बजरंग दल के स्वार प्रखंड संयोजक अर्जुन कुमार गुप्ता कई कार्यकर्ताओं के साथ मसवासी के कान्हा गौशाला पहुंचे और उन्होंने पशुओं को पीने के लिए दूषित पानी मिलने पर नाराजगी जताते हुए



हंगामा किया कार्यकर्ताओं का कहना है कि गौशाला का मुख्य द्वार खुला रहता है जानवर गौशाला से निकलकर टांडा बाजपुर मार्ग पर पहुंच जाते हैं और किसी भी वाहन से दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। नगर पंचायत प्रशासन को उन्हें दफनाने के लिए मवेशी स्थान पर नहीं दफनाया जाता है और सड़क के किनारे जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफन कर दिया जाता है उन्होंने होज में पशुओं का पीने का पानी दूषित मिलने पर नाराजगी जताते हुए काफी देर तक हंगामा किया और इस मामले की शिकायत ट्विटर के माध्यम से जिलाधिकारी समेत अन्य अफसरो से की गई है उन्होंने कहा है कि कान्हा गौशाला में पशुओं का रखरखाव ठीक नहीं है जिससे पशु बीमार होकर मौत के काल में समा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से कान्हा गौशाला में व्यवस्थाएं मजबूत बनाने की मांग की है।

# मुठभेड़ में पुलिस ने चोरी और लूट के दो वांछितों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।/रामपुर।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी और लूट के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वादी द्वारा मंगलवार को थाना सैफनी में एक तहरीर दी गई थी जिसमें उन्होंने बताया था कि रात्रि में उनके घर से चोरी हुई और आहट पाकर जब उन्होंने भागते हुए एक व्यक्ति को देखा तो उसकी पहचान नूरैन पुत्र युसुफ निवासी ग्राम बैरुआ थाना सैफनी जनपद रामपुर के रूप में हुई। इसके अतिरिक्त, ग्राम बैरुआ निवासी राहत जान पुत्र रशीद के घर में घुसकर कुण्डल व रुपये चोरी कर लिए गए और आहट पाकर राहत जान व उसकी पत्नी द्वारा दीवार फांदकर भागते समय एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। इस दौरान, उसके अन्य साथियों ने राहत जान को डंडों से पीटा। पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने घटना की गंभीरता को देखते हुए इसके सफल और शीघ्र निस्तारण के लिए 03 टीमों का गठन किया था। विवेचना के दौरान, अभियुक्तगण अरमान पुत्र बुद्धा निवासी गंजो वाली मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद और इरफान पुत्र बुद्धा निवासी गंजो वाली मिलक थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद के नाम सामने आए थे। पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में थाना सैफनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित



अभियुक्त चन्द्रपुर कला जाने वाले रोड पर पैट्रोल पम्प से आगे गाँव बैरुआ को जाने वाले कच्चे रास्ते पर मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना सैफनी पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई। पुलिस के अनुसार, घेराबंदी के दौरान 02 अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायर कर मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस टीम ने सतर्कता बरतते हुए और जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को घेरकर पकड़ लिया। और थाने ले आई।

# पाकिस्तान में भारत का सामना करने का सामर्थ्य नहीं : हरीश गंगवार

**■ रामपुर भाजपा के जिला कार्यालय पर हुई जिला पदाधिकारी की बैठक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय रामपुर पर जिला पदाधिकारी की बैठक में जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार में कहा, पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ सकता, अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद सीजफायर का समझौता हुआ, भारत की कूटनीति के सामने पाकिस्तान पस्त हो गया, मगर पाकिस्तान ने सीजफायर समझौते का उल्लंघन करा, पाकिस्तान की फितरत ही पीठ पीछे वार करने की है और फिर से भारत की सीमा में निर्दोष लोगों के गांव को निशाना बनाया और भारत के शहरों को ड्रोन हमले से दहलाने की नापाक को. शिश की, पाकिस्तानी सेना पाकिस्तान सरकार के निर्देश नहीं मानती यह किसी से छुपा नहीं है और पाकिस्तान की नियत पूरे विश्व के सामने है पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवाद का साथ दिया है। हम सभी को अपनी यह भारतीय सेना पर गर्व है जिसकी वजह से इस देश के 140 करोड लोग रात में चौन की नींद सो पाते हैं।

हम सब भारतीय सेना के साथ हैं और हर कदम पर हमें उनका मनोबल बढ़ता है।। भारत में विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाई है, भारत में यह स्पष्ट कर दिया है की अगर कोई भी हमारे देश की तरफ नुकसान की नीयत से दिखेगा तो उसको मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।। यह हम सब जानते हैं भारत एक शांतिप्रिय देश है और हम कभी भी जंग नहीं चाहते थे मगर अगर हमारे निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जाएगा तो भारत हर स्थिति से निपटने के लिए और हर आतंकवादी गतिविधि का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।। बैठक में जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, जिला उपाध्यक्ष जगपाल यादव,



जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, दीपक गुप्ता, अजय बाबू गंगवार, अर्जित सक्सेना, आशीष गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, धर्मवीर यादव, आकाश सक्सेना, राहुल कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत स्वार में हुआ कार्यक्रम आयोजित

**( सुहैल मियॉं )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** शनिवार को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के तहत स्वार क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक ठा. रामवीर सिंह ने शिरकत की।

बताते चले कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से देशभर में चलाये जा रहे विशेष कार्यक्रम एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान को जन-जन तक पहुॅचाने के लिए जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित हो रहे है इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत कार्यालय के सभागार में एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान की कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुंदरकी विधायक ठा. रामवीर सिंह विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार कार्यक्रम




संयोजक अली युसूफ अली कार्यक्रम अध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह ढिल्लों की स्वार नगर मंडल अध्यक्ष व कार्यक्रम संचालन प्रमुख देवेंद्र कुमार दिवाकर ने किया। इस दौरान महेंद्र सैनी, दिलीप अरोड़ा, अमित सक्सेना, हरिओम मौर्य, पवन शर्मा, रोहिताश सिंह, राज कुमार चौहान, राम अवतार दिवाकर, बबलू दिवाकर, प्रेम सिंह सैनी, गजेंद्र लोधी, हरि सिंह लोधी, राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# दलित की बारात पर हमले से नाराज ग्रामीणों ने कोतवाली को घेरा

**■ पिछले दिनों भी दो बारातों पर हो चुका है हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** दलितों की बारात पर दबंगों ने हमला बोल दिया। आरोप हैं कि दबंगो ने पथराव भी किया। बताया गया कि पूर्व में भी निकली बारातों पर इन दबंगो के हमला किया था। दबंगो ने धारदार हथियार, लाठी-डंडे लेकर बारा. तियों को दौड़ाया हैं।

बारातियों में चीख पुकार मचने लगी। बचने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस। किसी तरह मामले को शांत कराया।

शनिवार की रात क्षेत्र के ग्राम भूड़ासी निवासी धर्मवीर की बेटी खुशबू की बारात नगर के मोहल्ला भीतरगांव से आई हुई थी। धर्मवीर



ने आरोप लगाते हुए बताया कि शनिवार की रात्रि में जब उसकी बेटी की बारात आई। और बारात निकलनी शुरू हुई तो गांव के ही कुछ दबंगो ने बारात रोक ली। और बारात चढ़ाने से मना करने लगे। आरोप हैं कि इसी बात पर दबंगो ने बारात पर पथराव करना शुरू कर दिया। और लाठी डंडे से बारातियों को दौड़ाया गया। बाराती बचने के लिए इधर उधर भागने लगें। और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। इसी के साथ बताया गया कि पूर्व में भी दो बारातों पर दबंगो के द्वारा हमला किया जा चुका हैं। इस मामले में रविवार को धर्मवीर के साथ गांव के ही लोग शिकायत दर्ज कराने आए तो इसी बीच कोतवाली में पुलिस और गांव के लोगो के बीच नोकझोंक होना शुरु हो गई।

# सैफनी थाने के नवनियुक्त थाना प्रभारी ने की शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाने में नवनियुक्त थाना प्रभारी हमवीर सिंह जादौन ने थाना क्षेत्र के सम्मानित व गणमान्य व्यक्ति प्रधान व पूर्व प्रधानों के साथ बैठक का आयोजन किया। जिसमें थाना प्रभारी ने सभी से आपस में भाईचारा बनाए रखने हेतु तथा थाने में दलालों का प्रवेश पूर्ण रूप से बंद करने व आम जनमानस को कानूनी सुविधाएं देने पर जोर डाला। इस मौके पर राजीव शर्मा, अंसार, राजवीर सिंह, पंकज शर्मा, सुशील फौजी, विमल जोशी, विवेक चौधरी, प्रवीण कुमार जोशी, सईद अख्तर, राधेश्याम राही, इरफान हाजी आदि मौजूद रहे।

# हमवीर सिंह जादौन ने संभाला सैफनी थाने का चार्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाने के नए थाना प्रभारी हमवीर सिंह जादौन ने शुक्रवार की देर शाम चार्ज संभाला चार्ज लेते ही प्रभारी ने थाने के समस्त स्टाफ से मुलाकात कर एक दूसरे से परिचित हुए और अपनी कार्य शैली को देखा व समझा। उन्होंने बताया कि मेरी पूर्व तैनाती रीडर डीआईजी मुरादाबाद रही उससे पूर्व जनपद बिजनौर में थाना प्रभारी के पद पर तैनात रहे अफजलगढ स्योहारा एवं नगीना देहात में तैनात रहे। लगभग सभी जगह अपने कार्य को बहुत ही ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी को निभाया।

# स्वार पुलिस ने एक नफर वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 1वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी साबिर पुत्र अब्दुल्ला निवासी मो खास स्वार को उसके मसकन से गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सुग्रीव सिंह ,कास्टेवल संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# 16 से फिर शुरू हो सकता है IPL

● फाइनल 30 मई को मुमकिन, भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण बीच में रोक दी थी लीग




**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। मीडिया रिपोर्ट्स में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी गई। अब बाकी 16 मैचों के लिए नया शेडयूल जल्द जारी होगा। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 9 मई को आईपीएल 2025 सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने लीग को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 8 मई तक 58 मैच हो चुके थे। यानी अब 16 मुक. ाबले बाकी हैं। इनमें 12 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्ले ऑफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुक. ाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें हैं। बाकी टीमें अभी प्ले ऑफ की रेस में बरकरार हैं। जो 16 मुकाबले बाकी हैं वे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 अलग-अलग शहरों में होने थे। इनमें लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, जयपुर और कोलकाता शामिल हैं। अभी यह तय नहीं है कि ये मुकाबले इन तमाम शहरों में होंगे या इनमें कटौती होगी। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। इस समय दुनिया में कहीं कोई और बड़ी सीरीज नहीं हो रही है लिहा. जा इसमें ज्यादा परेशानी नहीं होनी चाहिए। बीसीसीआई आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल-मई का विंडो उपलब्ध होता है। यानी इस टाइम पीरियड में दुनिया में कहीं और कोई बड़ी सीरीज नहीं हो रही होती है। अगर आईपीएल के बाकी मैच मई में नहीं हुए तो फिर बोर्ड को सितंबर तक का इंतजार करना पड़ सकता है। जून में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है।

# सीजफायर उल्लंघन पर सहवाग-धवन ने पाक को लताड़ा




■ संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद पाक अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान ने चार दिन के संघर्ष के बाद संघर्ष विराम का एलान किया। हालांकि, शनिवार शाम पांच बजे से संघर्ष विराम शुरू हुआ और इसके कुछ घंटों बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर फिर से गोलीबारी की गई। अब पाकिस्तान को भारत के पूर्व क्रिकेटर्स ने लताड़ा है।

वीरेंद्र सहवाग और शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। दरअसल, संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया। उसने संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार रात 11 बजे प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई, जिसमें बताया कि पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है, जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया। मिस्री ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान की तरफ से इस तरह की हरकत करने पर मुंहतोड़ जवाब देगी। सीजफायर के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ है। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के चार घंटों बाद ही जम्मू-कश्मीर में ड्रोन देखे गए और धमाके सुनाई दी। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की। ड्रोन और धमाकों की आवाज सुनाई दिए जाने के बाद एहतियात के तौर पर राजस्थान और पंजाब के कई शहरों में फिर से बिजली काटी गई। इसके बाद सहवाग ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। वहीं शिखर धवन ने भी एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि घटिया देश ने फिर अपना घटियापन पूरी दुनिया के आगे दिखा दिया।श वहीं, पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान में तीन शक्ति केंद्र हैं- सेना, आईएसआई और प्रधानमंत्री। भले ही उनमें से कोई एक सहमत हो, लेकिन तीनों के लिए किसी एक बात पर सहमत होना लगभग असंभव है। पाकिस्तान के लिए पिछले तीन दिन काफी नहीं थे। इस उकसावे (सीजफायर का उल्लंघन) के बाद भारत पाकिस्तान को जीवन भर का

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पूर्व ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेटर बॉब काउपर का निधन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेलने वाले क्रिकेटर बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने काउपर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा कि काउपर एक बेहद प्रतिभाशाली बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। वह अपने शानदार स्ट्रोक, क्रीज पर धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते बड़े स्कोर बनाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थे। सीए ने कहा इस दुखद समय में बॉब के परिवार, दोस्तों और पूर्व साथियों के प्रति हमारी गहरी संवे. दनाएं। बाएं हाथ के बल्लेबाज काउपर ने अपना अधिकांश प्रथम श्रेणी क्रिकेट विक्टोरिया के लिए खेला। उन्होंने 1959-60 और 1969-70 के बीच कुल 147 मैचों में 26 शतकों के साथ 53-78 की औसत से 10,595 रन बनाए। अपने 27 टेस्ट मैचों में काउपर ने पांच शतकों के 2061 रन बनाए। इसमें 1966 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी 307 रन की यादगार पारी भी शामिल है। अंशकालिक ऑफ स्पिनर के रूप में काउपर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 183 और टेस्ट मैच में 36 विकेट लिए। उन्होंने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में भी काम किया।

### नवोन को हरा सिनर इटालियन ओपन के अगले दौर में

**रोम, वार्ता।** डोपिंग मामले में तीन महीने के निलंबन के बाद मैदान पर लौटे इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी यानिस सिनर ने अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को हराकर इटालियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। यानिस सिनर ने पुरुष एकल मुकाबले में घरेलु दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए मारियानो नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहली बार घरेलु दर्शकों के सामने खेलते हुए यह पहली जीत दर्ज की है यह उनकी लगातार 22वीं जीत है। सिनर अगले दौर में नीदरलैंड के जेसपर डे जोंग से मुकाबला होगा।

# विराट टेस्ट से संन्यास न लें: लारा



■ कहा: टेस्ट क्रिकेट को उनकी जरूरत, आगे 60 से ऊपर की औसत से रन बनाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ब्रायन लारा ने कहा कि विराट कोहली को अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए। दरअसल, यह खबर सामने आई थी कि विराट ने बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी दी है। हालांकि, बीसीसीआई ने उनसे अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। लारा टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में 400 रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने इंस्टग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा- टेस्ट क्रिकेट को विराट की जरूरत है, उन्हें मना लिया जाएगा। वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। विराट अपने बचे हुए टेस्ट करियर में 60 से ऊपर की औसत से रन बनाने जा रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 25 से कम की औसत से रन बनाए थे बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। पिछले 5 साल में उन्होंने 37 टेस्ट में सिर्फ 3 शतक लगाए और औसत 35 से भी नीचे रहा। इससे पहले कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल 2025 में वह जबरदस्त फार्म में रहे।

# रिकी पोंटिंग के बोलने पर पंजाब प्लेयर्स ने फ्लाइट छोडी

● सीजफायर के बाद कोच का फैसला, सुरक्षा वजह से दिल्ली के खिलाफ मैच टला था




**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के हेड कोच रिकी पोंटिंग अपने घर ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान हुआ। इसके बावजूद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर के पास स्वदेश वापस जाने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने ऐसा न करने का निर्णय लिया और आखिरी समय में फ्लाइट से उतर गए। साथ ही सभी विदेशी प्लेयर्स को भी इसके लिए मनाया। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल 2025 को सस्पेंड करना पड़ा था। तब बीसीसीआई ने कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है और ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। 10 मई को पाकिस्तान के साथ सीजफायर समझौते के बाद आईपीएल 16 मई से फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में लीग के बचे हुए मुकाबले के वेन्यू डिसाइड करने को लेकर बीसीसीआई मंथन कर रहा है। इसके लिए सरकार से सुझाव भी लिए जा रहे हैं और अगले 48 घंटों में इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है। धर्मशाला स्टेडियम में 8 मई को पंजाब-दिल्ली का मैच हो रहा था। 10.1 ओवर का खेल हो चुका था, तभी सुरक्षा कारणों से मैच रद्द कर दिया गया। स्टेडियम में ब्लैकआउट कर दिया गया। इसके बाद प्लेयर्स को दूसरे दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली पहुंचाया गया था। पोंटिंग अगले 2 दिन दिल्ली में ही रुके था और उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी जो दो देशों के बीच बढ़ते तनाव से चिंतित थे उन्हें समझा कर भारत में ही रोका जाए। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने वर्ल्ड कप विनर कैप्टन के बारे में कहा, यह पोंटिंग के चरित्र को दर्शाता है। केवल वही ऐसा कर सकते थे।

# पाक से निकलकर अच्छा लग रहा: रिशाद


भारत-पाक तनाव के कारण एयरपोर्ट पर टॉम रोने लगे थे

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेशी लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने पाकिस्तान से दुबई पहुंचने के बाद पत्रकारों से कहा कि हम एक तनाव के बीच दुबई पहुंचकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। रिशाद ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) में भाग ले रहे विदेशी खिलाड़ियों के अनुभव को साझा किया।

वे पाकिस्तान सुपर लीग में लाहौर कलंदर्स से खेलते हैं। 9 मई को पीसीबी ने पाकिस्तान लीग कौंसिल की भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पीसीएल को 9 मई को स्थगित कर दिया गया था। जिसके बाद विदेशी खिलाड़ी अपने-अपने घर लौटने लगे। पीसीएल में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों को यूएई भेजा गया, जहां से उन्हें उनके देश के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की सुविधा दी गई। मिचेल ने दोबारा पाकिस्तान न आने की बात कही रिशाद ने बताया कि सैम बिलिंग्स, डेरिल मिचेल, कुशल परेरा, डेविड वीजे, टाम करन जैसे खिलाड़ी पूरी तरह से डरे हुए थे। दुबई उतरने के बाद डेरिल मिचेल ने मुझसे कहा कि वे ऐसी स्थिति में दोबारा कभी पाकिस्तान नहीं जाएंगे। सभी खिलाड़ी भयभीत थे। इंग्लैंड के क्रिकेटर टाम करन तो इस कदर घबरा गए कि वे रोने लगे। जब टाम एयरपोर्ट पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि एयरपोर्ट बंद है। इसके बाद वे बच्चे की तरह रोने लगे। उन्हें संभालने के लिए 2-3 लोगों की जरूरत पड़ी। नाहिद राणा काफी तनाव में थे रिशाद ने बताया कि बांग्लादेशी पेसर नाहिद राणा बहुत चुप थे।

# इंग्लैंड दौरे पर जाएगी युवा टीम इंडिया!

■ रोहित और विराट के रिप्लेसमेंट ढूंढने होंगे, 9 खिलाड़ी उनकी जगह लेने को तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 10 मई को खबरें आई कि विराट कोहली ने भी बीसीसीआई से टेस्ट रिटारयरमेंट की इच्छा जता दी। हालांकि, बोर्ड उन्हें मनाने में जुटा है।

अगर विराट भी रिटायर हो गए तो टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचेगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा? शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान और ऋषभ पंत उप कप्तान बनाए जा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को देखते हुए उन्हें लीडरशिप रोल देना मुश्किल है। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि बुमराह अगर कप्तान नहीं बने तो उन्हें उपकप्तान बनाने का कोई मतलब नहीं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे हैं। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी।

शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। 23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। 24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था।

उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। विराट कोहली ने बीसीसीआई को टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जता दी। वे टीम में नंबर-4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वाड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल आर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं।

# मधुरा ने जीता पहला विश्व कप स्वर्ण



■ वर्मा और मधुरा ने कम स्कोर वाले प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर पोडियम पर अंतिम स्थान हासिल किया

**शंघाई, वार्ता।** मधुरा धामनगांवकर ने विश्वकप तीरंदाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने सपनों की वापसी की जबकि भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने यहां तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में एक और स्वर्ण पदक जीतकर भारत को पदकों की झड़ी लगा दी। तीन साल के अंतराल के कारण विश्व तीरंदा. जी स्टैंडिंग महिलाओं की कंपाउंड टीम के फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय तिकड़ी को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एकतरफा फाइनल के बावजूद टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता दिखाई।

भारत का अभियान मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, जहां वर्मा और मधुरा ने कम स्कोर वाले प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर पोडियम पर अंतिम स्थान हासिल किया। मधुरा, इससे पहले आखिरी बार मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में दिखाई दी थीं, ने अपने प्रदर्शन के साथ वापसी की है जो भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

मिश्रित टीम वर्ग में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी की शुरुआत होने के साथ, विश्व कप चरण में भारत का लगातार प्रदर्शन इसकी ओलंपिक आकांक्षाओं के लिए एक आशाजनक संकेत है।

## दीपिका, पार्थ ने जीते कांस्य पदक

**शंघाई, वार्ता।** ओलंपियन दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंके ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2025 में व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में कांस्य पदक अपने नाम किये। इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में कुल सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। दीपिका कुमारी ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह तीरंदाजी विश्व कप में उनका 37वां पदक है। इससे के साथ ही वह अब सबसे अधिक पदक जीतने वाली भारतीय तीरंदाज बन गईं। 12वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी कांस्य पदक मैच में टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाली कोरिया गणराज्य टीम की सदस्य कांग चाए-यंग को 7-3 से हराकर यह पदक जीता। इससे पहले दीपिका ने क्वार्टरफाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से हराया था। सेमीफाइनल में उन्हें दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लिम सिहयोन से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पार्थ सालुंखे ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के दौरान कई उलटफेर किए। सालुंखे ने कांस्य पदक के लिए हुए मैच में फ्रांसीसी तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को 6-4 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले राउंड में शूट-ऑफ में टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज को हराया और फिर इसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल में दक्षिण कोरिया की किम जे देओक को 6-2 से मात दी।

# अनाहत ने विश्व की 28वें नंबर की खिलाड़ी को घुटनों पर बैठाया

**शिकागो, वार्ता।** भारत की युवा स्क्वैश सनसनी अनाहत सिंह ने वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की वर्ल्ड नंबर 28 मरीना स्टेफनोनी को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व में 62वें स्थान पर और भारत की शीर्ष रैंक की 17 वर्षीय महिला खिलाड़ी अनाहत ने शुक्रवार को उच्च रैंक वाली अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 51 मिनट के मैच में 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 (10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6) से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के बाद अनाहत ने कहा, ह्न हमने वास्तव में लंबी रैलियां कीं और वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वह वास्तव में अच्छा खेल रही है और शीर्ष 30 में शामिल हो गई है। मुझे पता था कि यह एक संघर्ष होने वाला है। मैं थक गई हूँ, लेकिन वास्तव में खुश हूँ कि मैं इससे बाहर निकल गई। ड्रॉ में एकमात्र भारतीय महिला अनाहत को अब दूसरे दौर में मिस्र की विश्व नंबर 15 फैरोज़ अबोएलखिर के रूप में एक और भी कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहां जीत से वह प्री-क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर 1 नूरन गोहर से भिड़ सकती है। इस बीच, भारतीय पुरुषों ने भी पहले दिन सफलता का आनंद लिया, जिसमें चार प्रतिभागियों में से तीन दूसरे दौर में पहुँच गए। 38वें स्थान पर काबिज अभय सिंह ने स्विट्जरलैंड के विश्व नंबर 25 निक. ोलस म्यूलर को 41 मिनट में 3-1 (11-7, 2-11, 11-7, 11-6) से हराया। अब उनका सामना मिस्र के 13वें वरीय यूसुफ इब्राहिम से होगा।

## श्रियांशी, बिनीत व सुमित अंतिम 16 में

**लखनऊ, वार्ता।** देश भर के आए उम्दा खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन का नजारा लखनऊ में चल रही 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के दूसरे दिन देखने को मिला। इसमें जबरदस्त मुकाबलों के साथ कई राज्यों के धुरंधरों ने अपने-अपने वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। उत्तर प्रदेश की श्रियांशी अस्थाना, बिनीत कुमार यादव व सुमित कुमार भारती ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर अंतिम 16 में स्थान सुरक्षित किया। इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के तत्वावधान में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में इस चैंपियनशिप का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है।

# भारत ने त्रिकोणीय सीरीज जीती, श्रीलंका को हराया

भारत की तरफ से स्नेहा राणा ने चार और अमनजोत ने तीन विकेट हासिल किए



**कोलंबो, वार्ता।** भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। कोल. ंबो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान चामरी अटापटू ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत झटके के साथ हुई। अमनजोत कौर ने पहले ही ओवर में हसिनी पेरेरा को बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल पाईं। हालांकि, श्रीलंका ने इससे उबरते हुए विश्मी गुनारत्ने और चामरी अट्टापटटू की साझेदारी की बदौलत दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। अमनजोत ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। विश्मी 36 और चामरी 51 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा निलक्षिका सिल्वा ने 48, हर्षिता समरविक्रमा ने 26 और देवमी विहंगा ने चार रन बनाए। फिलहाल अनुष्का संजी. वनी और पियूमी वत्सला क्रीज पर मौजूद हैं। 37 ओवर के बाद स्कोर 189/6 है। टीम इंडिया को पहला झटका प्रतिका रावल के रूप में लगा। वह 49 गेंद पर दो चौके की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुईं। रावल ने मंधाना के साथ ओपनिंग विकेट के लिए 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद मंधाना ने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच मंधाना ने वनडे करियर का 12वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंद में 15 चौके और दो छक्के की मदद से 116 रन की पारी खेली। वहीं, हरलीन देओल 56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन बना सकीं। इसके बाद हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत 30 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन और जेमिमा 29 गेंद में चार चौके की मदद से 44 रन बना सकीं। ऋचा घोष आठ रन और अमनजोत कौर 18 रन बनाकर आउट हुईं।

# पीओके के बिना बातचीत नहीं

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार की सायं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रयासों से सहमति बनी रही। हालांकि भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में स्पष्ट रूप से कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है। इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई दखल नहीं है। भारत ने यह भी कहा है कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है और इस समय केवल यही एक मुद्दा बचा है। हमे पीओके को वापस लेना है। जाहिर है भारत में यह ऐसे समय में कहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पाकिस्तान व भारत के नेताओं को इस बात के लिए प्रेरित करेंगे जिससे कश्मीर के विवाद का हल निकाला जा सके। डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर को लेकर अपने ट्रूथ सोशल पर कहा है कि यह जो समझौता हुआ है इसके लिए दोनों देशों के नेताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। समझौते का श्रेय लेते हुए डोनाल्ड ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चुकते कि इससे लाखों लोगों की जान जा सकती थी। बात सही भी है युद्ध का इतिहास बताता है कि यह किसी समस्या का समाधान नहीं होता। बल्कि कई समस्याओं को जन्म दे डालता है। युद्ध में भारी मानवीय व आर्थिक छति होती है। इसलिए इसका विकल्प भी अन्तिम ही होता है। दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प कश्मीर के विवाद को हजार साल पुराना बता रहे है और वह दोनों देशों के नेताओं से मिलकर यहां काम करने की बात कह रहे है। यह उम्मीद भी जता रहे है कि इसका समाधान निकाला जा सकता है। जाहिर है ऐसे समय में जब आतंकवादी घटना को लेकर भारत-पाक एक तरह से पूर्ण युद्ध के मुहाने पर पहुंच गए थे। कश्मीर का मुद्दा उछालना थोड़ा अजीब लगता है। इस समय केवल यही बात होनी चाहिए थी कि आतंकवाद पर कैसे लगाम लगानी चाहिए। भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन भारत अपनी तरफ से फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ कह दिया है कि आतंकवाद पर भारत अब चुप नहीं रहेगा और यदि पहलगाम जैसी घटना दौहराई जाती है तो भारत उसे एक्ट ऑफ वॉर के रूप में लेगा। भारत ने यह भी साफ किया है कि पाकिस्तान के बीच कोई राजनायिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डायरेक्टर जनरज ऑफ मिलट्री के बीच सम्पर्क हुआ है ताकि सामा पर स्थिति को संभाला जा सके और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता। तब तक कोई बातचीत मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। निसंदेह यह समय भारत के लिए बेहद चुनौती भरा है। क्योंकि उसका सामना ऐसे देश से हो रहा है जो आतंकवाद को तो पालता-पौसता ही है साथ ही जरा भी भरोसेमंद नहीं है। यह हमने सीजफायर के समझौते के बाद देखा भी है कि किस तरह उसने समझौते के बाद ड्रॉन हमला किया था। भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है। तभी तो उसने पाक को हर तरीके से सबक सिखाने का मन बना लिया है और सीजफायर के समझौते के सम्मान करते हुए पाक की हर हरकत पर नजर भी रख रहा है और इसके लिए सेना को खुली छूट दे दी है।

## संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा हैरान करने वाला घटनाक्रम



पाक-भारत के बीच संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाली है, दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए, पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले में यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाक के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं, यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के जरिये अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं, उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए, भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है, संघर्ष में सरहद के पास जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

**सचिन पायलट**
**कांग्रेस महासचिव**

# ऑपरेशन सिंदूर: आतंकवाद पर एक रणनीतिक चोट

**6 मई की देर रात जब पाकिस्तान सो रहा था, भारत ने ऑपरेशन शुरू किया, यह हमला इतना गोपनीय था कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही इसकी जानकारी थी गौरतलब है कि जिस तरह अमेरीका ने विदेशी धरती पर आतंकी ओसामा बिन लादेन का खात्मा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया था, भारत ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' का उसी ढंग से अंजाम दिया है**



रजनीश कपूर



22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की जान चली गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए। आतंकियों ने पर्यटकों से उनकी धार्मिक पहचान पूछकर निशाना बनाया, जिससे देश में आक्रोश की लहर दौड़ गई। भारत ने इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), पर डाली। इस बर्बर घटना के जवाब में भारत ने 6-7 मई 2025 की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया। विपक्षी पार्टियों समेत पूरे विश्व की निगाहें भारतीय सरकार पर थीं कि वो इस आतंकी हमले का कब और क्या जवाब देंगे? 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना का एक संयुक्त अभियान था, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की देखरेख में अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। ये हमले बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरिदके और कराची जैसे क्षेत्रों में किए गए, जहां जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के ठिकाने थे। भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जिसमें ब्रह्मोस और स्कैल्प मिसाइलें शामिल थीं, और करीब 70 से 100 आतंकियों को मार गिराया गया।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से आतंकी ढांचों को नष्ट करने के उद्देश्य से था, और इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। भारत ने लक्ष्य चयन और हमले के तरीकों में अत्यधिक संयम बरता, ताकि तनाव को बढ़ाने से बचा जा सके। बीते मंगलवार को यह हमला रात 1:44 बजे शुरू हुआ और भारतीय सुखोई-30 और राफेल फाइटर जेट ने प्रिसिजन स्ट्राइक वेपंस और लॉइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम अपने आप में एक शक्तिशाली सांस्कृतिक और भावनात्मक संदेश देता है। पहलगाम हमले में कई नवविवाहित जोड़ों की जान गई, जिससे कई महिलाओं का सुहाग उजड़ गया।

भारतीय संस्कृति में सिंदूर विवाहित महिलाओं के लिए पति की लंबी उम्र और सौभाग्य का प्रतीक है। इस हमले ने न केवल निर्दोष लोगों की जान ली, बल्कि कई परिवारों को भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। इसलिए, इस ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखकर भारत ने न केवल पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि यह भी संदेश दिया कि अब हर सुहाग को महफूज रखा जाएगा। इस नाम का सुझाव खुद पीएम मोदी ने दिया था, जो इस ऑपरेशन के प्रतीकात्मक महत्व को दर्शाता है। वहीं पाकिस्तान ने इस हमले को अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया और इसे 'कायराना' बताया। पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने चुने हुए समय और स्थान पर इसका जवाब देगा। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि हमले में एक बच्चे की मौत हुई और दो लोग घायल हुए, लेकिन भारत ने स्पष्ट किया कि केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इस हमले की निंदा की और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। भारत सरकार ने सभी सीमावर्ती राज्यों में 'मॉक ड्रिल' की शुरुआत कर दी है। इससे आम जनता को आपात स्थिति के लिए तैयार किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने अपनी कार्रवाई को जिम्मेदार और नियंत्रित बताया। भारत ने स्पष्ट किया कि यह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई थी, न कि पाकिस्तान के साथ युद्ध की शुरुआत। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने त्वरित कदम उठाए, जिसे पाकिस्तान ने 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया।

केवल 15 दिनों में भारत ने खुफिया जानकारी एकत्र की और 'ऑपरेशन सिंदूर' की रणनीति तैयार की। 6 मई की देर रात, जब पाकिस्तान सो रहा था, भारत ने ऑपरेशन शुरू किया। यह हमला इतना गोप. नीय था कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही इसकी जानकारी थी। गौरतलब है कि जिस तरह अमरीका ने विदेशी धरती पर आतंकी ओसामा बिन लादेन का खात्मा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया था, भारत ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' को उसी ढंग से अंजाम दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को देश भर में व्यापक समर्थन मिला। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस कार्रवाई की सराहना की। सोशल मीडिया पर 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' जैसे नारे ट्रेंड करने लगे। यह ऑपरेशन पहलगाम हमले का सटीक जवाब था, जिसने आतंकी नेटवर्क को करारा झटका दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल एक सैन्य कार्रवाई थी, बल्कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता और रणनीतिक ताकत का प्रतीक था। इसने दुनिया को दिखाया कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह ऑपरेशन उन मासूमों के खून का बदला था, जिन्होंने पहलगाम में अपनी जान गंवाई। साथ ही, यह एक चेतावनी भी थी कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उम्मीद है कि जो भी राष्ट्र आतंकियों को पनाह देते हैं उन सभी के लिए यह ऑपरेशन एक कड़ा संदेश देगा।

# दयाभाव की जीवित प्रतिमूर्ति थे महात्मा बुद्ध...

## महात्मा बुद्धः हर प्राणी के लिए दया का व्रत



श्वेता गोयल



**माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोध वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था**

हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दु:ख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दु:ख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि 'यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?' सारथी ने बताया कि यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दु:खों का सामना करना ही पड़ता है।

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दु:ख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दु:खी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

## आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिरोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

# आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार...




**ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा**

योगेश कुमार गोयल



भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओ. के) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज काग. जों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधु. निक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही।

# बच्चों के लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल हो सकता है खतरनाक

आजकल बच्चों को मामूली सी बीमारी में एंटीबायोटिक खिलाना आम बात हो गई है। हालांकि यह चिंता की बात नहीं है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक इस्तेमाल या फिर बिना सोच-समझकर देना बच्चों की सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। भले ही एंटीबायोटिक दवा बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण हो ठीक करती हैं, लेकिन अगर आप बार-बार या फिर गलत तरीके से इसे देते हैं, तो इसका आपके शरीर पर उल्टा असर हो सकता है।

### एंटीबायोटिक दवाएं...

जब बच्चे को बार-बार एंटीबायोटिक दी जाती है, तो कुछ बैक्टीरिया इन एंटीबायोटिक से लड़ना सीख जाते हैं। इससे यह दवा काम नहीं करती है और मामूली संक्रमण भी खतरनाक बन जाते हैं।

### कम हो जाती है ताकत...

अगर हर बार बच्चे को दवा दी जाती है, तो शरीर को बीमारी से खुद लड़ने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे भी बच्चे का इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो जाता है। इससे बार-बार वह बीमार पड़ने लगते हैं।

### खराब पाचन...

एंटीबायोटिक दवा सिर्फ बुरे बैक्टीरिया ही नहीं बल्कि अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देती है। इसमें वह बैक्टीरिया भी होते हैं, जो पेट को सही रखने में मदद करते हैं। इससे पेट दर्द, अपच और गैस की समस्या हो सकती है।

### एलर्जी का खतरा...

कुछ बच्चों को एंटीबायोटिक देने से खुजली, रैश या फिर सांस लेने में परेशानी जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है कि उनको एंटीबायोटिक न दें और अगर दे रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### वायरल बीमारी...

सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे वायरल संक्रमण होने पर एंटीबायोटिक काम नहीं करती है। अगर एंटीबायोटिक दी भी जाती है, तो वह सिर्फ नुकसान करती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप बच्चे को दवा न दें।

### पेट दर्द जैसे साइड इफेक्ट्स...

दवा के कारण बच्चों को उल्टी, मतली, पेट दर्द या फिर चकत्ते जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। हालांकि कुछ मामलों में यह लक्षण हल्के होते हैं और खुद से ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर यह लक्षण अधिक बढ़ जाते हैं, तो बच्चे को परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# भारत-पाक का सीजफायर देख पुतिन का मन पिघला

## यूक्रेन से बातचीत को बढ़ाया हाथ



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का आह्वान किया। पुतिन ने रविवार को कहा कि हम गंभीर बातचीत चाहते हैं। संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने और एक स्थाई, मजबूत शांति की ओर बढ़ने के लिए। यह बयां यूरोपीय नेताओं में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन के यूक्रेन का दौरा करने और रूस से बिना शर्त 30-दिवसीय युद्धविराम पर सहमत होने का आग्रह करने के कुछ घंटों बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जवाब में कहा था कि मास्को को इस पर विचार करना होगा, लेकिन चेतावनी दी, हम पर दबाव डालने की कोशिश करना बिल्कुल बेकार है। पुतिन ने कहा कि वह इस संभावना से इनकार नहीं करेंगे की वार्ता के परिणामस्वरूप रूस और यूक्रेन नए युद्धविराम, एक नए युद्धविराम पर सहमत हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के नेता ने कहा कि वह रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से बात करेंगे और विवरण पर चर्चा करेंगे। यूरोपीय नेताओं ने यूक्रेन का दौरा किया और एक महीने के युद्धविराम का आह्वान किया। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और पोलैंड के नेता तथाकथित इच्छुक गठबंधन का हिस्सा थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की द्वारा मेजबानी की गई और इन देशों के नेताओं ने यात्रा के दौरान एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन बिना शर्त 30-दिवसीय युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं, तो रूस के ऊर्जा और बैंकिग क्षेत्रों पर नए एवं बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

## बहरीन ने की सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**मनामा।** बहरीन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर सीरिया के साथ चर्चा की है। यह जानकारी विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी ने शनिवार को सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के बहरीन के दौरे के दौरान दी।

सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी के साथ संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अल जायनी ने कहा कि बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा ने अल-शरा के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें दोनों देशों के बीच गहरे भाईचारे के संबंधों पर बातचीत हुई। चर्चा व्यापार, नागरिक उड्डयन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सीरिया में नवीनतम घटनाक्रमों की भी समीक्षा की, जिसमें सुरक्षा, स्थिरता और सामाजिक एकता को बनाए रखने के राष्ट्रीय प्रयास शामिल हैं।

## हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने की दी सलाह

गहमागहमी




ढाका में हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने के लिए कहा गया, सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए बैरिकेड्स।

## पांच बांग्लादेशी नागरिकों को 12 दिन की जेल

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को पांच बंगादेशी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने के आरोप में 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार रात देपाछरा गांव से एक वर्षीय बच्चे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान, उन्होंने जिले के पेचारथल थाना क्षेत्र के मचमारा में रहने वाले दो अन्य लोगों के ठिकाने का खुलासा किया। आरोपियों को उन दो स्थानों पर ले गई, जहां बंगलादेशी नागरिक छिपे हुए थे और पता चला कि सभी पांच बंगलादेश मौलवीबाजार जिले के निवासी हैं और उनका भारतीय घरवालों से संबंध है।

## आस्ट्रेलिया में एक टन कोकीन के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की पुलिस ने देश के पूर्वी तट पर एक नाव पर एक टन से अधिक कोकीन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) और न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की पुलिस ने रविवार को एक संयुक्त मीडिया विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

विज्ञप्ति के अनुसार एनएसडब्ल्यू पुलिस बल और एएफपी अधिकारियों ने शुक्रवार की सुबह उत्तरी एनएसडब्ल्यू में नम्बुका हेड्स के तट से लगभग नौ समुद्री मील दूर जहाज को रोका। नाव पर कोकीन के लगभग 1,110 ब्लॉक पाए गए, जिनका वजन 1,039 किलोग्राम था और बाजार मूल्य 6234 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 3997 लाख अमेरिकी डॉलर) है। इस सिलसिले में 24 और 26 वर्ष की आयु के दो लोगों को नाव पर गिरफ्तार किया गया और किनारे पर ले जाया गया। उसी समय, 28, 29 और 35 वर्ष की आयु के तीन अन्य लोगों को तट पर गिरफ्तार किया गया। नाव पर सवार दो लोगों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने और एक आपराधिक समूह में भाग लेने का आरोप लगाया गया है। अन्य तीन लोगों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने और एक आपराधिक समूह में भाग लेने का आरोप लगाया गया है। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा कि उसने 28 अप्रैल को दक्षिणी सिडनी में बड़ी मात्रा में नकदी के साथ 13 मीटर की नाव की ष्संदिग्धष खरीद के संबंध में खुफिया जानकारी प्राप्त करने के बाद जांच शुरू की। एएफपी के सहायक आयुक्त स्टीफन डेमेटो ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की विशाल तटरेखा संगठित अपराध समूहों के लिए आकर्षक है, लेकिन तस्करी के तरीके का उपयोग करने वाले अपराधी अपनी स्वतंत्रता और अपने जीवन दोनों को जोखिम में डालते हैं।

## खत्म होगी हसीना की अवामी लीग की मान्यता

### बांग्लादेश के चुनाव आयोग को अंतरिम सरकार की औपचारिक अधिसूचना का इंतजार

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग (ईसी) ने रविवार को कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के पंजीकरण को रद्द करने पर फैसला लेने से पहले सरकार की अधिसूचना का इंतजार कर रहा रहा है। यह कदम तब उठाया जा रहा है, जब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ए.एम.एम. नासिर उद्दीन ने पत्रकारों से कहा, अगर सरकारी अधिसूचना सोमवार को प्रकाशित होती है, तो हम बैठक कर अवामी लीग की मान्यता के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बांग्लादेश के कानून के अनुसार, अगर चुनाव आयोग अवामी लीग का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है, तो यह पार्टी आगामी आम चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। अगले आम चुनाव दिसम्बर 2025 से जून 2026 के बीच होने की संभावना है। अंतरिम सरकार की कैबिनेट (सलाहकार परिषद) ने शनिवार रात आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा। इनमें आनलाइन गतिविधियां भी शामिल हैं। यूनुस के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना अगले कार्यदिवस ᪓सोमवार᪔ को जारी की जाएगी। बयान में कहा गया, यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में अवामी लीग और उसके नेताओं पर मुकदमा पूरा नहीं हो जाता। बयान में इसका मकसद देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा बताया गया है।

### शेख हसीना को पीएम बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगाई

**खुलना।** बंगलादेश में श्रीमती शेख हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगा दी गई है। खुलना में डेली देश शोंगजोग नामक एक स्थानीय मीडिया प्रकाशन के कार्यालय में हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर आग लगा दी गई। आगजनी के इस हमले के अपराधियों का पता नहीं चल पाया है। डेली ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के अनुसार मुंशी महबूबुल आलम सोहाग अखबार के संपादक हैं। वह अवामी लीग की खुलना महानगर इकाई के कार्यालय सचिव के रूप में भी काम करते हैं।

## अपने परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरानः अब्बास अराघची



**दोहा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच अपना रुख पूरी तरह से साफ कर दिया है। उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिका का मकसद ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा। बता दें कि यह बयान उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में दिया, जहां ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली अगली परमाणु वार्ता से एक दिन पहले वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अराघची ने साफ कहा कि अगर बातचीत का उद्देश्य ईरान के परमाणु अधिकार छीनना है, तो हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे। अमेरिका और इस्राइल परमाणु समझौते को लेकर लगातार ईरान को धमकी देता रहा है। हालांकि ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसको लेकर अराघची ने कहा कि हम अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं कर रहे हैं, लेकिन अपने अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। अगर बातचीत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, तो समझौता संभव है। लेकिन अगर हमारा अधिकार छीनने की कोशिश हुई, तो हम कभी नहीं मानेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान के नवाचार केंद्रों को पूरी तरह खत्म करना होगा, तभी कोई समझौता संभव है। गौरतलब है कि ट्रंप ने अमेरिका को 2015 में हुए परमाणु समझौते से अलग कर लिया था और धमकी दी थी कि अगर नया समझौता नहीं हुआ, तो ईरान पर सैन्य हमला किया जा सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद के कारण पर प्रकाश डाले तो अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करे, क्योंकि उसे शक है कि इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। लेकिन वह मानता है कि उसकी अर्थव्यवस्था पर लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के लिए वह कुछ समझौते करने को तैयार है।

## पाक पीएम ने मददगार मुल्कों को कहा शुक्रिया

### भारत ने पहले हमला कियाः शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय समय के मुताबिक शनिवार देर रात फिर झूठा दावा किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने भारत के खिलाफ साथ देने के लिए सऊदी अरब, तुर्किए और चीन को भी धन्यवाद दिया।

हम दुश्मन पर फिर से भारी पड़े हैं। मैं असीम मुनीर (पाकिस्तान आर्मी चीफ) समेत सभी अफसरों को सलाम पेश करता हूं। हमें आप पर नाज है। हम इस जंग को अंजाम तक पहुंचाकर दम लेंगे। पाकिस्तान की इज्जत के लिए फौज और अवाम दोनों काबिल हैं। हम लश्कर बनकर दुश्मन का मुकाबला करेंगे और दुश्मन को शिकस्त देंगे। हम आपके जज्बे को सलाम पेश करते हैं, क्योंकि आप (सेना) सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। भारत बेशक 100 प्रतिशत एकतरफा फैसले कर ले मगर उससे हकीकत नहीं बदलेगी। दहशतगर्दी से सबसे ज्यादा परेशान मुल्क पाकिस्तान है।

हमने दहशतगर्दी के खिलाफ जंग में 90 हजार लोगों को गंवाया। 152 अरब डालर का नुकसान बर्दाश्त किया है। पहलगाम हमले की आड़ में पाकिस्तान पर हमला बेबुनियाद है। अमन पसंद मुल्क के तौर पर पाकिस्तान ने पहलगाम वाकए की जांच की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने कानून न मानते हुए गलत रास्ता अख्तियार किया। जम्मू-कश्मीर एक मुसलमा तनाजा था, है और उस वक्त तक रहेगा, जब तक कश्मीरी भाइयों को उनका हक नहीं मिल जाता।

दुश्मनों ने निहत्थे लोगों पर हमला कर खुद को ताकतवर समझा, लेकिन पाकिस्तान मुंहतोड़ जवाब देना जानता है।

हम अपनी सेना की दिलेरी को सलाम करते हैं, जिन्होंने भारत को जवाब दिया है। पाकिस्तानी वायु सेना ने अपने सरहद के भीतर रहते हुए दुश्मनों के जहाजों के परखच्चे उड़ा दिए।



## पाक एयरफोर्स दुनिया में सबसे बेहतरः बुखारी



**इस्लामाबाद।** पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने पाकिस्तानी एयर फोर्स की तारीफ की है। उन्होंने डेली टाइम्स से कहा कि पाकिस्तानी एयरफोर्स की कामयाबी ने भारत को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने दिखा दिया कि पाकिस्तान की एयरफोर्स दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वायुसेना में से एक है। इनकी वजह से ही भारत को अपने घुटने टेकने पड़े। विदेशों में रह रहे पाकिस्तानी प्रवासियों ने भी पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की है। लंदन में रहने वाले पाकिस्तानी हसन डार ने पीटीवी न्यूज से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तानी एयरफोर्स की सफलता ऐतिहासिक है। इनके किस्से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। ब्रिटेन में रहने वाले एक शख्स ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की और आर्मी चीफ को पाकिस्तानी सिपाही सलार यानी सैनिकों का नेता बताया।

## घुसपैठ रोकने को भारत-नेपाल हुए एकजुट

**काठमांडू/नई दिल्ली।** नेपाल और भारत के सुरक्षा बलों ने बर्दिया और भारत के बीच 83 किलोमीटर खुले सीमा क्षेत्र के 20 बिदुओं पर निगरानी बढ़ा दी है ताकि घुसपैठ रोकी जा सके।

इस क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा भारत के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य और घने वन क्षेत्रों से सटा हुआ है, जिन्हें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र माना जाता है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बर्दिया की मुख्य जिला अधिकारी रुद्रदेवी शर्मा ने कहा कि नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ), नेपाल पुलिस और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से नो-मैन्स-लैंड में संयुक्त गश्त की जा रही है। गणेशपुर-लौकही कॉरिडोर को बर्दिया जिला प्रशासन कार्यालय ने उच्च जोखिम वाला क्षेत्र बताया है। सुरक्षा कड़ी करने के लिए वहां प्रवेश पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनके तहत लोगों को चेकपॉइंट्स पर अपनी पहचान दर्ज करानी होगी। यह कदम आपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध सीमा पार आवागमन, फरारी अपराधी, मादक पदार्थों और मानव तस्करी जैसी चिताओं के चलते उठाया गया है, जो स्थानीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। यह क्षेत्र सीमावर्ती और निगरानी की कमजोर व्यवस्था के कारण सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बना हुआ है।

अब सख्त निगरानी और संयुक्त प्रयासों के जरिए रणनीतिक प्रवेश बिंदुओं पर नियंत्रण तथा सीमा पार अपराधों को रोकने की कोशिश की जा रही है। अब सीमा पार करने वाले लोगों को यात्रा का उद्देश्य, गंतव्य, वापसी की तारीख और मिलने वाले व्यक्ति की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। वैध पहचान पत्र भी जरूरी है। यह सख्ती हाल ही में पहलगाम, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ने के चलते की गई है। कड़ी सुरक्षा और बढ़ती सतर्कता के कारण लौकही और बलैगांव जैसे भारतीय सीमावर्ती शहरों में नेपाली नागरिकों की आवाजाही में कमी देखी गई है।

### विदेश मंत्रालय नेपाली नागरिकों के संपर्क में

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत में पढ़ रहे छात्रों के साथ नियमित संपर्क में है। मंत्रालय ने एक बयान में रविवार को कहा कि सरकार हाल के घटनाक्रम से पूरी तरह अवगत है और पाकिस्तान में नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

पाकिस्तान में नेपाली दूतावास छात्रों और नेपाली नागरिकों के साथ नियमित संपर्क में है। नेपाल समाचार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मंत्रालय ने नेपाली छात्रों और उनके माता-पिता से आग्रह किया कि वे कोई भी तात्कालिक सहायता के लिए इस्लामाबाद में नेपाली दूतावास से संपर्क करें। इसी प्रकार, भारत स्थित नेपाली दूतावास ने नेपालियों से आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं के निकटतम स्थान की पहचान कर सतर्क एवं सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। पाकिस्तान में पढ़ रहे कुछ नेपाली छात्रों ने सरकार से उन्हें निकालने की गुहार लगाई है। काठमांडू पोस्ट ने कहा पाकिस्तान स्थित नेपाली दूतावास के अनुसार, वहां मौजूद लगभग 100 नेपाली छात्र सुरक्षित हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद सुमना श्रेष्ठ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक छात्र का ईमेल साझा किया, जिसमें तनाव की स्थिति का वर्णन किया गया है। ईमेल के आधार पर श्रेष्ठ ने विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को एक पत्र लिखकर पाकिस्तान में नेपाली छात्रों की स्थिति का वर्णन किया।

## कार्रवाईः केकड़े रखने में चीन के तीन नागरिक गिरफ्तार

**टोक्यो।** जापान की पुलिस ने भारी संख्या में केकड़े रखने के आरोप में चीन के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार तीन संदिग्धों, लियाओ झिबिन, सोंग झेनहाओ और गुओ जियावेई को बुधवार को अमामी द्वीप पर 160 किलोग्राम (353 पाउंड) जीवित केकड़े रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, अमामी ओशिमा द्वीप के एक शहर अमामी में एक होटल कर्मचारी ने पर्यावरण अधिकारियों को सूचित किया, जब उसने कई सूटकेसों में कुछ संदिग्ध देखा, जिस पर तीनों व्यक्तियों ने होटल के कर्मचारियों से नजर रखने को कहा था। यहां की एक पुलिस अधिकारी ने सीएनएन को बताया, उन्होंने एक सूटकेस से सरसराहट की आवाज सुनी, जिसे भंडारण में रखा जा रहा था। पुलिस के अनुसार अधिकारी बाद में होटल पहुंचे और सर्पिल-खोल वाले हर्मिट केकड़े छह सूटकेसों में भरे हुए पाए। क्योडो न्यूज के अनुसार, बुधवार को होटल में बिना अनुमति के केकड़े रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### लंका में सड़क हादसे में 11 की मौत, 25 घायल

**कोलंबो।** लंका के मध्य प्रांत में स्थित कोटमाले में रविवार सुबह बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और दुर्घटना के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने पहले बताया था कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। लंका में सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।